दैनिक **प्रातः कालीन** **हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र**


# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 27 मुरादाबाद, 17 May 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



## मुख्यमंत्री योगी बोले, तहसीलों की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार जरूरी, समय सीमा के भीतर हों काम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनहित में संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।तहसीलों की कार्यप्रणाली में बड़े सुधार की आवश्यकता है। हमें पारदर्शिता, समयबद्धता को लेकर ठोस प्रयास करना होगा। शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण एक समय सीमा के भीतर होना चाहिए। डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जाए। वरासत व उत्तराधिकार से जुड़े प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। आमजन की अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए तहसीलों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें मंगलवार को ये बातें अफसरों के साथ बैठक में कही। बैठक में उन्होंने शासन की योजनाओं की समीक्षा की।उन्होंने निर्देश दिया कि स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। अब तक 56.17 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। मात्र 15 राजस्व गांवों में सर्वेक्षण का कार्य शेष है, इसे भी यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र ꖦघरौनीꖦ मिल जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं की सहज-सुलभ उपलब्धता के लिए टेलीकन्सल्टेशन और हेल्थ एटीएम की सुविधाओं को बढ़ाया जाए। इससे बीमारी की दशा में रिमोट एरिया के लोगों को अच्छे डॉक्टरों का परामर्श मिल सकेगा। हेल्थ एटीएम के लिए प्रशिक्षित मैनपावर तैनात किया जाए। टेलीकन्सल्टेशन सेवा को विस्तार देते हुए इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर बिना बिलंब यथोचित समाधान किया जाए। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा इसे शीर्ष प्राथमिकता देते हुए निस्तारित किया जाए। अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग अभियान का आम जन के बीच अच्छा संदेश गया है। लोगों में संक्रामक, संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमें ऐसे ही प्रयास लगातार जारी रखने होंगे। गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल में इंसेफेलाइटिस, बरेली व आस-पास के मंडल में मलेरिया तथा बुंदेलखंड में चिकनगुनिया से बचाव के लिए सक्रियता और बढ़ाई जाए। इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए जैसा प्रयास इन क्षेत्रों में भी किया जाए। साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल के सेवन के लिए लोगों को जागरूक करें। बाल रोग विशेषज्ञों का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जनपद में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड/रिक्शा स्टैंड संचालित नहीं होना चाहिए। ऐसे स्टैंड अवैध वसूली होने को बढ़ावा देते हैं। यह वसूली समाजविरोधी कार्यों में उपयोग होती है। जहां कहीं भी ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। टैक्सी स्टैंड के लिए ठेकेदार स्थान निर्धारित करें। शहरों में ई-रिक्शा के लिए रूट तय किया जाना जरूरी है। सभी गो-आश्रय स्थलों में व्यवस्था सुचारु रखी जाए। हरा चारा-भूसा आदि के समुचित प्रबंध हों। गोवंश को गर्मी अथवा धूप से सुरक्षित रखने के प्रबंध किए जाएं। डेयरी सेक्टर में रोजगार सृजन का बड़ा पोटेंशियल है। इसे दृष्टिगत रखते हुए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाए। डेयरी सेक्टर से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास में आमजन को सहभागी बनाने के लिए ꖦमातृभूमि योजनाꖦ प्रारंभ की जा रही है। इसकी औपचारिक शुरुआत शीघ्र ही की जाएगी। बड़ी संख्या में लोगों ने इस योजना से जुड़कर अपने गांव में अपने पूर्वजों के नाम पर भवन, सड़क, कम्युनिटी सेंटर, आदि बनवाने की इच्छा जताई है। इस योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। नगरीय क्षेत्र के लिए भी ऐसी योजना का प्रस्ताव तैयार किया जाए।


### किसी भी संक्रमित को अस्पताल में नहीं भर्ती होना पड़ा है

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 446 है। विगत 24 घंटों में 35 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। यह सुखद है कि किसी भी संक्रमित मरीज को कोविड की वजह से अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ रहा। स्थिति पूरी तरह सामान्य है। किंतु हमें सतर्कता और सावधानी बनाये रखने की आवश्यकता है।

विगत कुछ दिनों में परिवहन विभाग की बसों में आग लगने की दु:खद घटनाएं घटित हुई हैं। ऐसी घटना आगे न हो, इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा हर जरूरी कदम उठाया जाए।

हर जिले में पीपीपी मॉडल पर कम से कम एक आधुनिक मॉडल बस स्टेशन विकसित किया किया जाना है। परिवहन विभाग द्वारा जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को शीघ्र प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई तेज की जाए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्या, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं राज्य मंत्री राजस्व अनूप प्रधान की उपस्थिति रही।

## पूरे ज्ञानवापी परिसर के ASI से सर्वे की मांग को लेकर कोर्ट में प्रार्थना पत्र, 22 को होगी सुनवाई



ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंगनुमा आकृति ही नहीं, बल्कि पूरे विवादित स्थल का एएसआई से वैज्ञानिक पद्धति से जांच करने की मांग को लेकर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया। मामले में अब 22 तारीख को सुनवाई होगी।वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंगनुमा आकृति ही नहीं, बल्कि पूरे विवादित स्थल का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) से वैज्ञानिक पद्धति से जांच कराने संबंधी प्रार्थना पत्र मंगलवार को जिला जज की अदालत में दिया गया। मामले में कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को आपत्ति दाखिल करने के लिए 19 मई तक का समय दिया है। मसाजिद कमेटी को आवेदन की कॉपी दी गई। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 22 मई की तिथि तय की। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने छह याचिकाकर्ताओं की तरफ से सर्वे की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले सभी लोग यह चाहते हैं कि हमारे आराध्य आदि विश्वेश्वर से जुड़ा ज्ञानवापी का सच सामने आए।

सबको यह मालूम होना चाहिए कि ज्ञानवापी में आदि विश्वेश्वर का मंदिर कब बना था? कहा कि इसके लिए अब हम लोगों ने अदालत से पूरे विवादित स्थल की कार्बन डेटिंग और ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार ( जीपीआर ) तकनीक से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने की मांग की है। अधिवक्ता ने कहा कि अनादि काल से हमारी आस्था के केंद्र रहे हमारे धर्मस्थलों को विदेशी आक्रांताओं ने तलवार के बल पर उजाड़ा था। ज्ञानवापी प्रकरण में इन सवालों के जवाब मिलने जरूरी अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि देश की जनता को ज्ञानवापी से जुड़े इन सवालों के जवाब मिलने जरूरी हैं। ज्ञानवापी में मिली शिव लिंगनुमा आकृति कितनी प्राचीन है? शिवलिंग स्वयंभू है या कहीं और से लाकर उसकी प्राण प्रतिष्ठा की गई थी?

विवादित स्थल की वास्तविकता क्या है? विवादित स्थल के नीचे जमीन में क्या सच दबा हुआ है? मंदिर को ध्वस्त कर उसके ऊपर तीन कथित गुंबद कब बनाए गए? तीनों कथित गुंबद कितने पुराने हैं? इनकी तरफ से दाखिल हुई याचिका-सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता के मुताबिक, याचिका राम प्रसाद सिंह, महंत शिव प्रसाद पांडेय, लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से दाखिल की जाएगी। चारों महिलाएं पहले से ही ज्ञानवापी के मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी हैं।

## निकाय चुनाव में हार के बाद अखिलेश का BJP पर निशाना, बोले -भाजपा ने की बेईमानी की सारी हदें पार



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा और प्रशासन को आड़े हाथ लिया। मैनपुरी आए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने निकाय चुनाव को जीतने के लिए बेईमानी की सारी हदें पार कर दीं।मैनपुरी के करहल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि निकाय चुनाव जीतने को भाजपा ने जमकर धांधली की है। नगर पंचायत बेवर चेयरमैन का चुनाव परिणाम मुख्य विकास अधिकारी ने बदलवा दिया है। उन्होंने हाल के निकाय चुनावों में धांधली को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को नगला कंस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।हार जीत तो चलती रहती है... उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत तो चलती रहती है, लेकिन भाजपा सरकार ने निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बेईमानी की सारी हदें पार कर दीं। पूरे प्रदेश में धांधली की गई। मैनपुरी में तो अधिकारियों के सहारे चुनाव में गड़बड़ की गई। बेवर में सीडीओ ने निकाय चुनाव में बेईमानी कराकर जबरन चुनाव नतीजा बदल दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत, ब्लॉक प्रमुखी से लेकर लोकसभा तक भाजपा सरकार सभी चुनावों में बेईमानी करती आ रही है। निकाय चुनाव की बात लें तो देवरिया में तो प्रशासनिक मदद से भाजपा प्रत्याशी के बंडल में दूसरे प्रत्याशी के मतपत्र रख दिए गए। यह लोकतंत्र के लिए खराब स्थिति है।

### अधिकारी कर रहे सत्तादल की मदद

उन्होंने कहा कि जब अधिकारी भी चुनावों में सत्तादल की मदद करेंगे तो आम आदमी न्याय की उम्मीद किससे करेगा। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान जब भी कोई विरोध का स्वर उठाया जाता है तो पुलिस को सामने कर दिया जाता है। झूठे मुकदमे लगाकर विरोध करने वालों का दमन किया जाता है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव में सपा के वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। अब पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटेगी। विधायक बृजेश कठेरिया, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, एमएलसी मुकुल यादव, बरनाहल ब्लाक प्रमुख नीरज यादव, रामनारायण बाथम मौजूद रहे।

### मृतक के परिजन को बंधाया ढांढस

पूर्व मंख्यमंत्री नगला कंस में जनवेद यादव के घर पहुंचे। उनके इकलौते युवा पुत्र सोनू की असामयिक निधन पर शोक जताया। सोनू की 11 मई को शादी हुई। एक दिन बाद ही 13 मई को करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। सोनू की ससुराल वालों को भी पूर्व मुख्यमंत्री ने ढांढस बंधाया।

## सद्दाम और लल्ला गद्दी समेत नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, मुकदमे से निकाले गए अशरफ-असद के नाम





बरेली जेल में बंद रहे अशरफ से अवैध तरीके से मुलाकात करने के मामले में एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में सद्दाम और लल्ला गद्दी भी नाम भी शामिल हैं। वहीं अशरफ और असद के नाम मुकदमे से हटा दिए गए हैं। बरेली जिले में बंद रहे अशरफ के मामले में एसआईटी के विवेचक ने नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इनमें अशरफ का साला सद्दाम और लल्ला गद्दी भी शामिल हैं। इनमें अशरफ के गुर्गे लल्ला गद्दी को पुलिस जेल भेज चुकी है, जबकि एक लाख का इनामी सद्दाम फरार है। बताया जा रहा है कि सद्दाम दुबई भाग गया है। जिला जेल में बंद रहे अशरफ को सहूलियत देने के मामले में सात मार्च को बिथरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें अशरफ के साले सद्दाम, गुर्गे लल्ला गद्दी समेत जेल के आरक्षियों के नाम शामिल थे। इसके बाद जेल में अशरफ से मुलाकात करने वाले शूटरों के नाम भी सीसीटीवी फुटेज देखकर बढ़ाए गए थे।

### फुटेज के आधार पर बढ़ाए गए थे नाम

फुटेज के आधार पर अतीक अहमद के बेटे असद, गुड्डु मुस्लिम, गुलाम, फरमान, विजय चौधरी और सदाकत आदि के नाम बढ़ाए गए थे। अशरफ को भी मुख्य आरोपी के तौर पर घटना में शामिल किया गया था। कुछ दिनों पहले अशरफ की प्रयागराज में हत्या कर दी गई थी। असद, उस्मान, विजय चौधरी और गुलाम पुलिस एनकाउंटर में मार दिए गए थे। एसएसपी के निर्देश पर एसआईटी ने प्रयागराज जाकर उनकी मौत से संबंधित साक्ष्य एकत्र किए। टीम ने बरेली लौटकर मृतकों के नाम केस से निकाल दिए। इसके बाद बाकी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी गई है।

### चार्जशीट में इन आरोपियों के नाम

चार्जशीट में सद्दाम, लल्ला गद्दी, जेल वार्डन शिवहरि अवस्थी व मनोज गौड़, कैंटीन कर्मचारी दयाराम, राशिद अली, फुरकान, सलाहुद्दीन फरहाद और आरिफ के नाम हैं। फिलहाल सद्दाम को छोड़कर बाकी आरोपी जेल में बंद हैं। एसपी सिटी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी है। सद्दाम की तलाश की जा रही है।

## संपादकीय Editorial

# Hindus defeated Hindutva

It has to be assessed once again that Prime Minister Modi is not 'invincible'. Despite his leadership and vigorous campaigning, the BJP may be defeated electorally. This has been proved by the mandate of Karnataka. It is not even that due to the continuous nine years of Prime Minister Modi, his image has stagnated or disillusionment has started towards him. In Karnataka, more than 36 percent votes have come in favor of BJP. It clearly means that there was neither a strong anti-incumbency wave against the BJP nor has the electorate become indifferent to it. In the last election in 2018, the vote percentage was less than this and the Congress got 38.4 per cent votes, but it lagged behind the BJP in terms of seats. Now the Prime Minister himself and the BJP leadership will have to do a deep introspection and discussion that instead of the issues tried for polarization on the basis of Hindutva, on which issues to fight the upcoming assembly elections and ultimately win the challenge of 2024 general elections. This year there are assembly elections in Telangana, where the BJP is consolidating the ground of Hindutva. Instead of only Hindutva, BJP should also pay attention to those issues, which are directly related to the common man's pocket.

Karnataka has more than 84 per cent Hindus, but they are divided into castes, classes and communities. During the Karnataka elections, Prime Minister Modi spoke 'Bajrang Bali Ki Jai' and also made public announcements. He even said that first chant 'Bajrang Bali Ki Jai' and then press the vote button. During the road show also a person was introduced as a replica of Lord Hanuman.

'Hanuman Chalisa' was recited from the road to the temples. Still could not get so many votes that BJP would have won. Apart from this, the issues of Ram Mandir, Tipu Sultan, Hijab, Halala, Kerala Story, Love Jihad and Muslim reservation etc. kept resonating. BJP's strategy was that Hindus would react strongly on such issues and vote overwhelmingly in favor of BJP. This strategy failed miserably. The voters rejected it outright. In fact, it was the Hindus who defeated the thinking and politics of Hindutva. Karnataka, the BJP's gateway to the south, was Hindutva's laboratory, but the Hindu vote bank delivered a split mandate, with most of the 13 per cent Muslims and 2 per cent Christians voting almost outright for the Congress. 46 MLAs of Lingayats have won, out of which 37 MLAs belong to Congress. BJP's traditional supporter and Hindu vote bank has shifted like this. 15 seats are reserved for tribals. All the seats went to the Congress. Tribals are also 'Hindu' on the basis of faith. Congress candidates have won 97 seats out of total 151 seats in rural areas. Most of them are also 'Hindu'. Actually this is the period of economic concern. Of course, they may be called beneficiaries or given the name of public welfare or accept Congress's 'guarantees' or in the words of the Prime Minister, they are 'free hawkers', but the elections are being decided on these issues only. Karnataka is also an example. Although Karnataka is the 5th state of the country in terms of economy. It is prosperous, there is business, it is the capital of IT. Still, fulfilling the 'guarantees' announced by the Congress would cost around Rs 36,000 crore. Economists have such estimates. Congress says that at the same time it will also ensure economic growth. The per capita income in Karnataka was Rs 1.64 lakh in 2021-22. Actually Karnataka is one of the main 'economic engines' of the country. After Corona, there has been a jump of more than 25 percent in the export of services. This prosperity should not be dim.

# Magical World of World Cinema: Brazilian Cine History - City of God created a stir

Brazil produced a lot of good movies in the seventies and eighties. Bruno Barreto's 1980 film Dona Flor and Her Two Husbands broke box office records. This film established Sonia Braga in the cinema world. Like other countries of the world, the people of Brazil too soon got addicted to cinema. In the thirties there were cinema theaters in small towns and they were showing Hollywood movies with pleasure. In Brazil, the largest country in Latin America in terms of geography and population, the film was shown only six months after the Paris show of the Lumiere brothers. Soon in 1898 films started being made there. In France, the newly invented 'Cinematograph' was demonstrated in Rio-de-Janeiro in 1896. Soon short films were being screened from a wooden box on this tripod. The first box office film was made here in 1908. The name of this film was 'Estranguladores' in which criminals were shown going wrong and which the audience broke down to see. This 35-minute film laid the foundation for crime drama in Brazil. Taking the story from the headlines of the newspaper, films started being made. Initially, there were also mostly newsreels and documentaries being made in the era of silent films. But some people were also making feature films. The period 1908–1912 is called the Golden Age of Brazilian Cinema. At this time 100 short films were being made every year. Then this industry passed into the hands of traders from North America. Since its inception in South America, Brazilian cinema has been diverse, surprising and experimental. When cinema became a reality, there was a language problem in Brazil too. Adhemar Gonzaga founded the 'Cinedia Studio' in Rio, where Brazil recognized itself, making films mixing musicals, Brazilian comic theater and carnival. Carmen Miranda was a famous movie star of this era, but she soon moved to Hollywood. This caused a lot of uproar in Brazil. In 1943 Moassir Fenelon created the 'Atlantida Studio' where a comic team of Oscarito and Grand Otello developed. Prior to this, in 1930, an 18-year-old boy Mario Pishoto made 'The Boundary', which was not much appreciated at that time, but today it is counted among the 30 major Brazilian films. Similarly, the film 'The Bandit' directed by Lima Barreto got a lot of success at the box office. This 1953 film was shown in 22 countries. Cinema Novo in Brazil - Cinema Novo was formed in Brazil on the move of Italian neorealist and French new wave films. Nelson Pereira dos Santos is called the father and Pope of this movement. Low budget, shooting on location, non-professional actors were characteristics of Cinema Novo. 'How Tasty Was My Little Frenchman', 'The God and the Dead' (Director: Guerrera), 'Antonio das Mortes' (Glauber Rosa) are such films. Glauber is regarded as Brazil's greatest director. He made his first film 'The Turning Wind' in 1962. The film tells the story of a community of Afro-Brazilian fishermen, as well as presenting new and old fishing methods. 'The Big City', 'Land in Anguish' are other prominent films of this time. Land in Anguish is a political film, highlighting the role of the artist in Brazilian society. Cinema of the eighties - Brazil produced a lot of good movies in the seventies and eighties. Bruno Barreto's 1980 film Dona Flor and Her Two Husbands broke box office records. This film established Sonia Braga in the cinema world. At the same time, Anna Karolina made 'Sea of Roses', Susana Amaral 'The Hour of the Star' and Teizuka Yamasaki made 'Gazziania: A Brazilian Odyssey'. In this way, Cine-world got three unique female directors. Meanwhile, a lot of short films were also made in Brazil with the help of video equipment. Then Ana Muylaert made 'Smoke Gets in Your Eyes', 'The Second Mother' and 'Durval Records'. But in 1989, Brazil's cinema industry collapsed, only 25 feature films were made there. The Ministry of Culture was closed the next year. The Brazilian film industry boomed overnight. Only 9 feature films were made in 1991 and only 6 the following year. But in 1998 the fortunes of films turned again and 40 feature films were made in the year. In 1997, Bruno Barreto made Four Days in September, in which Brazilian guerrilla fighters kidnap the US ambassador, leaving the ambassador's life in the balance. The government is not ready to help. The kidnappers want the release of 15 political prisoners in return. The next year came Central Station, directed by Walter Sayles. The film won the Golden Bear at the Berlin Film Festival. The film is an emotional story of a school teacher and a young man. The school teacher writes letters to illiterate people and the boy's mother has passed away recently. Together they are searching for the boy's father whom they have not seen. It stars Fernanda Montenegro, Vinicius de Oliveira, Marilia Pera in lead roles. Modern Cinema of Brazil - The new century has proved to be very favorable for Brazilian cinema. Today the world talks about Brazilian cinema and eagerly waits for the films made there. Made in 2002, 'City of God' directed by Fernando Meirelles and Katia Land did wonders. In this, two boys are walking on completely different paths. This The hard-hitting thriller received 4 Oscar nominations, winning 75 awards of various kinds. Alexandre Roderick, Leandro Firmino deliver stellar performances. This film must be seen. Fernando Meirelles also directed the film Blindness in 2008, based on the novel by Nobel Prize-winning writer José Saramago. A strange disease engulfs the town in this 121-minute film. It is blindness, but it is white blindness. Starring Julianne Moore, Mark Ruffalo, Alice Berga. The film received 15 awards. Today in Brazil Karim Ainouz ("Madame Sata", "The Invisible Life of Euridis Gunao"), Kléber Mendam Filho ("Neighboring Sound", "Equarius"), Guto Parente ("Cannibal Club", "And Inferninho"), Juliano Many directors are active, such as Dornell ("Cold Trophies"). In the second decade of the twenty-first century, Brazilian audiences and world cinema-goers eagerly await films coming from Brazil.

# Economy: The challenge of foreign trade deficit has increased, all-round effect of Ukraine war

Inflation is at its peak in America, the economic condition of Europe is also not good. The Russia-Ukraine war has an all-round effect, due to which India is also not unaffected. In a program organized by the Federation of Indian Export Organizations (FIEO) on May 4 this month, it was unanimously underlined that due to the Russia-Ukraine war, Time is going to be very challenging and difficult for exports from the country. In such a situation, where we have to find new markets for exports, we have to control the import of less essential products. Only then the country's foreign trade deficit can be reduced. It is worth mentioning that according to the recently released data, in the financial year 2022-23, India's exports of products have been $ 447 billion and service exports have been $ 323 billion, ie a total of $ 770 billion. Although this is the highest level of exports from the country, India's overall trade deficit in the year 2022-23 has increased from $ 83 billion in the previous year to $ 122 billion. Now this year the trade deficit is expected to increase further. India exports maximum 17.50 percent of its total product exports to America, which seems to be in the grip of recession.

Inflation is at its peak in America and to stop it, the US Federal Bank is continuously increasing the interest rates. The economic condition of Europe is also not doing well. In the midst of the Russia-Ukraine war, most of the countries of Europe are facing gas and food crisis, due to which industrial production has decreased along with increasing inflation there. This is probably the reason why no export target has yet been fixed by the Department of Commerce for the financial year 2023-24. The height at which product and service exports were achieved in the last financial year, this time it is not easy to reach that height.

On the other hand, it is also difficult to stop the increasing imports. India's total imports stood at $ 892 billion in FY 2022-23, which was $ 760 billion in FY 2021-22. The challenge is to reduce imports. Although the border tension between China and India has increased continuously, yet India's dependence on China remains in the field of foreign trade.

Certainly in the current financial year, to control the deficit in foreign trade, various strategic steps will have to be taken to reduce imports and increase exports. Substandard and low quality standard imports from various countries including China need to be controlled. The government has identified more than 2,000 substandard and substandard products related to consumer safety and their lives. Now their import control has to be taken care of.

Effective implementation of the new Foreign Trade Policy, 2023 implemented from April 1, 2023 is necessary to increase exports. Under this, a target has been set to take product and service exports from the country to two trillion dollars by the year 2030 by ensuring arrangements to make export-related work easier by giving relief in taxes and various duties instead of incentives. Under the new foreign trade policy, the government has announced the establishment of export hubs at the district level to increase the scope of exports, which will remove the lack of infrastructure related to exports.

Undoubtedly, at this time when India's contribution to total global exports is around 1.8 per cent and India's share in global trade is less than two per cent amid global economic and trade challenges, reducing the trade deficit is indeed challenging. There are many challenges facing the country's foreign trade. The cost of freight transportation in the country is very high at 13-14 per cent. According to the World Bank, India lags far behind the world in terms of logistics expenditure. India ranks 40th in the world in terms of research and innovation. The country's workforce is far from up to date with new digital skills qualifications. Production Linked Incentive (PLI) has not started yielding satisfactory results yet. All these need to be taken care of so that exports increase, imports are controlled and foreign trade deficit is reduced.

# 28 वार्डों में महिला पार्षद उठाएंगी महानगर क्षेत्र की जनता की आवाज

मुरादाबाद- निकाय चुनाव में महिला प्रत्याशियों के जीत से कई नए समीकरण बनेंगे। नगर निगम में 70 वार्डों में से भाजपा की सबसे अधिक 13 महिला उम्मीदवार पार्षद बनीं। नौ सीटें जीतकर कांग्रेस दूसरे स्थान पर है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की दो-दो महिला पार्षद सदन में लोगों की बुलंद करेंगी। जबकि, दो निर्दल महिला उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की है। महापौर पद पर भारतीय जनता पार्टी के विनोद अग्रवाल को तीसरी बार विजयी हासिल हुई है। अगर 70 वार्डों पर नजर डालें तो यहां महिलाओं ने 28 पर जीत की पताका फहराने में कामयाबी हासिल की हैं। इसमें सबसे ज्यादा महिला पार्षद भारतीय जनता पार्टी की हैं। जिन्होंने 13 वार्डों में जीत हासिल की है। वहीं, नौ सीटें जीतकर कांग्रेस दूसरे स्थान पर हैं। 2017 के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली समाजवादी पार्टी की इस बार दो महिला पार्षद ही विजयी रही हैं। जिसमें शीरी गुल निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी थी। बहुजन समाज पार्टी की भी केवल दो महिला पार्षद ही जीत सकी हैं। स्मार्ट सिटी में 28 वार्डों की विभिन्न समस्याओं को तीसरे सदन में महिला पार्षद उठाएंगी। इनमें क्योंकि सबसे अधिक संख्या में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की पार्षद की है। इसलिए भी जनता की उम्मीद उनसे ज्यादा है कि वो क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाकर उनका जल्द से जल्द निराकरण कराकर उनकी अपेक्षाओं को पूरा करेंगी। मुख्य विपक्षी के रूप सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में कामयाब रही कांग्रेस को भी अपना वजूद दिखाना होगा। इस बार 2017 के मुकाबले 12 सीट अधिक जीतकर सपा को पछाड़ने में कांग्रेस को कामयाबी मिली है। इसमें भी नौ महिला पार्षदों ने जीत हासिल की हैं। इसमें अधिकांश मुस्लिम महिलाएं ही हैं। उसमें अधिकतर कम पढ़ी लिखी हैं। वह जनता की समस्याओं को किस प्रकार उठाएंगी और उनका समाधान करा पाएंगी यह देखने वाली बात होगी।

नगर निगम के 70 वार्डों में महिला पार्षदों की स्थिति

द ल

पार्षद भारतीय जनता पार्टी
13
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
09
समाजवादी पार्टी
02
बहुजन समाज पार्टी
02
निर्दलीय
02 कुल
28

# अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें . डॉ अरुण कुमार दुबे



मुरादाबाद- जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में गुरुवार को नया सत्र नया सवेरा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को महापुरुषों के प्रेरणास्त्रोत व अनुकरणीय विचारों से प्रेरित किया गया। नया सत्र नया सवेरा कार्यक्रम में प्रार्थना सभा में जिले के डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने अपने प्रेरक विचारों से सभी छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन कियाद्य जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कुलदीप बरनवाल ने किया।डॉ. कुलदीप बरनवाल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए हमारे जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी होता है। इसीलिए कहा गया है कि अनुशासन जीवन को महान बनाता है। आप सभी के व्यवहार, रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा, पहनावा, भाषा आदि में अनुशासन जरूर दिखाई देना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि इस उम्र में बच्चों में भटकाव की समस्या रहती है। ऐसे में इन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ताकि यह बच्चे सही मार्ग पर चलते हुए एक अच्छा नागरिक बन सकें। जिसके लिए उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रार्थना सभा में भारत के महान विभूतियों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया जाए। जिनसे बच्चे प्रेरणा लेकर अच्छा इंसान बन सकें। जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि असफलता या विषम परिस्थितियों से घबराकर हार मानने के बजाय उससे सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस तरह से एक गरीब बालक अपनी लगन और मेहनत से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम भारत के राष्ट्रपति तथा मिसाइल मैन बने। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वीरेश कुमार गौतम, ऊदल सिंह, डॉ सुनीत गिरी, अरविंद मोहन पांडे, राजीव कुमार, आफ ताब हसन, राम क्रेष सिंह, आशु शाह व समस्त सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# डेंगू की रोकथाम के लिए निकाली रैली, लोगों को किया जागरूक



मुरादाबाद- राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय की ओर से महानगर में रैली निकाली गई। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी प्रदीप रावत के नेतृत्व में कार्यालय परिसर से निकली रैली इंपीरियल चौराहा, बुध बाजार आदि क्षेत्रों से होकर वापस लौटी। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाई और स्वयं इसमें शामिल होकर लोगों को जागरूक किया। जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव ने बताया कि डेंगू नियंत्रण के लिए मच्छर के लार्वा न पनपने देने के उपाय लोगों को बताए गए। रैली में माइक से कर्मचारियों ने लोगों को डेंगू बुखार के कारण, बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानी की जानकारी दी गई। एंटीलार्वा का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बारिश के बाद मच्छर के लार्वा तेजी से पनपते हैं। इसलिए जलभराव रोकने के लिए उपाय जरूरी है। लंबी घास की कटाई, नालियों में एंटी लार्वा दवा के छिड़काव कराते हैं। गोष्ठी व रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# मजदूर के घर में घुसकर परिवार को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में सोमवार रात रंजिश के चलते एक परिवार के लोगों ने मजदूर के घर हमला बोल दिया। आरोपियों ने मजदूर और उसकी पत्नी-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना कटघर के देहरी गांव चौराहा बसंत विहार कालोनी निवासी हरिओम मजदूरी करता है। हरिओम ने दी तहरीर में बताया कि उसके घर के पास स्थित मंदिर के बाहर बैठकर कुछ लोग नशा करते हैं। बीते दिनों हरिओम ने इस पर ऐतराज किया था। तभी से आरोपी रंजिश मानते थे। बताया कि सोमवार रात वह काम से आने के बाद घर पर लेटा था। उसी दौरान आरोपी विक्की, भाई शीशांत, पिता खेमपाल सिंह और अनिल लाठी-डंडे लेकर आ गए और मारपीट करने लगे। बीच बचाव कराने आई बेटी मोनिका व पत्नी सुनीता से भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर सुनकर लोग एकत्रित हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित ने थाने पर पहुंच कर तहरीर दी। कटघर थाना एसएचओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कटघर में मकान मालिक से विवाद में किराएदार ने चलाई गोली

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात मकान मालिक से विवाद के दौरान किराएदार ने फायरिंग कर दी। इस दौरान मकान के छज्जे पर खड़े दूसरे किराएदार के 10 साल के बेटे को छर्रे लग गए, जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी ओर घायल बच्चे की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कटघर के जाहिद नगर निवासी तहसीन पुताई का काम करता है। वह पत्नी और बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता है। तहसीन की पत्नी मुमताज जहां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार रात उसके पड़ोस में रहने वाला दूसरा किराएदार अरबाज अपने दोस्तों को लेकर आया था। इस बीच मकान मालिक गुलिस्तार का बेटा शाकिब उनका विरोध करने पहुंचा तो झगड़ा हो गया। पीड़िता का 10 साल का बेटा जुबैर भी उस समय छज्जे पर खड़ा था। आरोप है कि विवाद के दौरान अरबाज और उसके साथी ख्वाजा नसीम ने तमंचा निकाल कर शाकिब को निशाना बनाकर फायर कर दिया। गोली के छर्रे जुबैर को लगे और वह घायल होकर गिर गया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और घायल जुबैर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। एसएचओ कटघर राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी अरबाज और ख्वाजा नसीम के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दगाबाज जीजा: बहन के पति ने नहीं लौटाए उधार दिए दस लाख रुपये, परेशान होकर युवक ने दे दी जान

मुरादाबाद -अमरोहा के डिडौली में जीजा ने छोटे साले से पैसे उधार लिए। तकादे के बाद भी जब जीजा ने पैसे नहीं दिए तो साले ने जहर खाकर जान दे दी। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। पैसे लेने के बाद जीजा ने जल्दी ही लौटाने का वादा किया था। साले को पैसों की जरूरत थी। लिहाजा वह जीजा से लगातार तकादा कर रहा था। चूंकि मामला बहन-बहनोई का था, ऐसे में युवक ने उन पर तो ज्यादा जोर नहीं दे पा रहा था। मामला कोतवाली डिडौली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति का जीजा पास के गांव में रहता है। साल भर पहले साले व उसके भाई ने जमीन बेची थी। जिसका काफी पैसा उनके पास था। दोनों भाइयों ने पैसे का बंटवारा भी कर लिया था। उसी दौरान उनका जीजा घर आया और छोटे साले से पैसे उधार मांगे। साले ने लगभग 10 लाख रूपए जीजा को उधार दिए।

जीजा ने जल्दी ही लौटाने का वादा किया था। साले को पैसों की जरूरत थी। लिहाजा वह जीजा से लगातार तकादा कर रहा था। चूंकि मामला बहन-बहनोई का था, ऐसे में युवक ने उन पर तो ज्यादा जोर नहीं दे पा रहा था। परेशान होकर उसने अपना जीवन खत्म करने का निर्णय कर लिया और रविवार रात उसने जहर खा लिया। साले की हालत नाजुक होने पर परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल भी पहुंचे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने बगैर कार्रवाई मृतक को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है। मामले की सूचना पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। जिसके चलते कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

# शराब पीने से रोका तो मजदूर ने जहर खाकर की आत्महत्या

मुरादाबाद -कुंदरकी। पत्नी ने शराब पीने का विरोध किया तो मजदूर ने जहर खा लिया। निजी नलकूप पर पड़े मिले मजदूर यश कुमार (28) परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक नानपुर निवासी यश कुमार पुत्र हरपाल सिंह मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करता था। बताया जा रहा है कि वह नशे का आदी था। जिसके चलते परिवार में मनमुटाव रहता था। पत्नी रविता उसको शराब पीने से रोकती थी ताकि पति का स्वास्थ्य अच्छा रहे। रविता ने सोमवार सुबह यश को शराब पीने से रोका। इस बात से नाराज होकर मजदूर ने गांव की उत्तरी दिशा में जंगल में स्थित एक निजी नलकूप पर जाकर सल्फास की गोलियों का सेवन कर लिया। पता चलने पर कुछ ही देर बाद मौके पर परिजन भी पहुंच गए थे। परिजनों ने आनन-फानन में मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हालत में सुधार नहीं होने पर मुरादाबाद के निजी चिकित्सालय ले जहां उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची कुंदरकी पुलिस ने मजदूर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ताकि मौत की सही वजह स्पष्ट हो सके। मजदूर यश अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं मजदूर ने अपने परिवार में पत्नी के अलावा तीन मासूम बच्चे छोड़े हैं। इस आत्मघाती कदम से मजदूर के परिजन से गम से बेहाल नजर आए जिनको सगे संबंधी और रिश्तेदार ढांढस बंधाते रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर

मुरादाबाद - प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड मुरादाबाद, के परिसर में दिनांक 20-05-2023 को प्रात: 9.30 बजे से प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है,

जिसमें तखाता मल्टीनेशनल कम्पनी, बिरला एसोसियेटस, एवं मिन्डा आदि प्रतिष्ठित कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगे। मेले में हाईस्कूल/इण्टर/ स्नातक/ डिप्लोमा एवं आई0टीआई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ समय से उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है ।

# युवती से दुष्कर्म में आरोपी पिता-पुत्र तीन के खिलाफ रिपोर्ट

मुरादाबाद- शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के भाई व पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित युवती ने शिकायती पत्र देकर कोर्ट को बताया था कि आरोपी दाऊद शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। उसके पिता और भाई फैसला करने के लिए दबाव बनाने लगे। मना करने पर तीनों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी।

सिविल लाइंस थाने के इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया बिशनपुर भीमाठेर निवासी दाऊद, उसके पिता दिलशाद और आरोपी के भाई अरशद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# जिले भर की आंगनबाडियों को बड़े फ्राड में फंसाया..!




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -बजटीय निर्गमन पर जिला स्तरीय अधिकारी जिस पैनी निगाह से उपयोग की बात करते हैं। वह दरअसल अफसरों की गिद्ध दृष्टि होती हैं। ऐसे ही विभागीय स्कैम ( घोटाला ) बाल विकास विभाग में इन दिनों सुर्खियों चल रहा है।

जिसको खुद डीपीओ बिना किसी लिखित निर्देश के परियोजनाओं पर दबाव बना कर करवा रहें हैं वह भी सिर्फ आंगनबाड़ियो के बहुत छोटे से बजट को हजम करने के लिए। पिछले तीन माह से अंदर अंदर चल रहे इस स्कैम की सुगबुगाहट पिछले महीनों से थी। आज उस समय मामला प्रेस की नजर में आया जब कुछ आंगनबाड़ी संघ के पदाधिकारियों ने बताया जो वाल राइटिंग ( भित्त लेखन ) का बजट केंद्र की आंगनबाड़ी के मानदेय खातों में निर्गत हुआ है वह डीपीओ के मौखिक निर्देशों के नकद निकलवा कर एकत्रित किया जा रहा वाल राइटिंग के स्थान पर पॉलीथिन पेपर पर लेखा छोटा सा फ्रेम पकड़ाया जा रहा हैं उस पर न तो केंद्र का नाम और न आंगनबाड़ी का इसका बिल वाउचर नही दिया जा रहा। अर्बन परियोजना पर इस मामले में आंगनबाड़ीयों ने एतराज जताया।

# निकाय चुनाव में हमारे प्रत्याशियों ने अच्छा प्रदर्शन कर हमारी पार्टी को मजबूत बनाया है - राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -नगर निकाय चुनाव में जनपद एटा की सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अधिकांश स्थानों से भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए अपना दल एस के जिला प्रभारी रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने सभी को बधाईयां देते हुए कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ सरकार के जनहित कार्यों की वजह से आम जनमानस खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है। और सरकार के द्वारा किए जा रहे इन्हीं कार्यों के प्रतिफल नगर निकाय चुनावों में भाजपा गठबंधन एवं मोदी, योगी लहर देखने को मिली है, जो आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत है। अपना दल एस के जिला प्रभारी राजू आर्य ने नगर पालिका परिषद एटा से श्रीमती सुधा गुप्ता एवं नगरपालिका अलीगंज से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता गुप्ता सहित अन्य सभी विजय महिला पुरुष भाजपा के प्रत्याशियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।और इस जीत के लिए उन्होंने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भी बधाई दी है। तथा विजई प्रत्याशियों द्वारा चुनाव के दौरान जनता से किए गए वायदे पूरे किए जाने का भरोसा भी दिलाया है। यह भी बताते चलें कि राजू आर्य उत्तर प्रदेश सरकार में सहयोगी अपना दल एसके जिला प्रभारी है। और उन्होंने गठबंधन के नाते अपनी पार्टी अपना दल एस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए प्रचार प्रसार में अहम रोल अदा भी किया है।

# पूर्व विधायक व दो पुत्रों पर एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -निकाय चुनाव में नगर पंचायत सकीट की चुनी गई अध्यक्ष मानवी यादव के पिता और पूर्व विधायक अजय यादव सहित चार के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमे में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष के दो भाई भी नामजद किए गए हैं। थाना सकीट में संदीप कुमार दिवाकर निवासी गांव लोथरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि पूर्व विधायक अजय यादव के कहने पर नवनिर्वाचित मानवी यादव के कार चालक पुष्पेंद्र यादव के फोन से प्रशांत यादव ने जातिसूचक गालियां दीं। जबकि अभिक्रांत यादव और इनके भाई प्रशांत यादव ने धमकी दी है कि नगर क्षेत्र सकीट में नहीं रहने दिया जाएगा। ये दोनों अजय यादव के पुत्र हैं। कहा कि मतगणना के दिन 13 मई को मंडी समिति में भाजपा प्रत्याशी शकुंतला देवी का पोलिंग एजेंट था। शाम को 4.31 बजे जातिसूचक गालियां दीं, जबकि इससे पहले 11 मई को रात 10.03 पर व्हाइट्सएप कॉल करके मुझे और मेरे बच्चों को चुनाव बाद क्षेत्र में न दिखने और हत्या करने की धमकी दी गई थी। आरोप है कि पूर्व विधायक के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या आदि कई मुकदमे दर्ज हैं। इसकी वजह से हत्या होने की आशंकाओं के चलते वह दहशत में है। सीओ सकीट संगम मिश्रा ने बताया कि फोन पर जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेरी ओर से ही जांच की जा रही है। जांच में जो कुछ सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व विधायक पर एक सप्ताह पहले लिखी गई थी हत्या की रिपोर्ट- थाना सकीट में एक सप्ताह पहले 9 मई को अजय यादव पर हत्या की रिपोर्ट भी लिखी गई थी। क्षेत्र के गांव रेवाड़ी निवासी रामपाल शाक्य की हत्या के मामले में उनके पुत्रों सहित 8 को नामजद किया गया था। रेवाड़ी निवासी प्रदीप कुमार ने यह रिपोर्ट दर्ज अदालत के आदेश पर दर्ज कराई थी।

# वेतन निकालने को बाबू ने हड़पे 57 हजार




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जिला पंचायती राज कार्यालय में कार्यरत महिला पत्रवाहक का रुका हुआ वेतन निकालने के लिए एक बाबू ने 57 हजार रुपये हड़प लिए। इस तरह की शिकायत महिला ने सीडीओ से की है। जिसके बाद चार अधिकारियों की जांच समिति गठित कर दी गई है। जिला पंचायती राज कार्यालय में गीता शर्मा पत्रवाहक के पद पर कार्यरत हैं। सीडीओ को दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि किसी वजह से 19 महीने का वेतन रुक गया। रुका हुआ वेतन निकालने के लिए कार्यालय की कर्मचारी सुनीता ने 57 हजार रुपये की मांग रखी। किसी तरह रुपये एकत्रित कर उन्हें दे दिए। इसके बावजूद वेतन नहीं निकाला गया। बल्कि 20 हजार रुपये और देने की मांग रख दी। इसमें असमर्थता जताई तो वेतन निकालने से इनकार कर दिया। सीडीओ डॉ. एके बाजपेयी ने बताया कि महिला कर्मचारी की शिकायत मिली है। जिस पर पीडी की अध्यक्षता में चार अधिकारियों की जांच समिति गठित कर दी है। इनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध शराब बनाने की भट्टी सहित ,25, लीटर शराब और यूरिया तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - कासगंज,जनपद में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर अवैध शराब और शराब माफिया के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सोरों पुलिस ने क्षेत्राधिकारी नगर अजीत चौहान के नेतृत्व में सांकरा सियपुर जाने वाली दोनों शहरों के बीच सियपुर में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर शराब बनाने की भट्टी , यूरिया , तथा शराब बनाने के उपकरण सहित 25, लीटर शराब बरामद की। शराब बना रहे तीन अभियुक्त भागने में सफल रहे। जिनमे से राजेश पुत्र राजा राम निवासी ग्राम सियपुर थाना सोरों में संगीन धाराओं में चार मुकदमे ,2.जसबीर पुत्र ओमप्रकाश गांव सियपुर जिस पर थाना सोरों में जुआ अधिनियम एवं तीसरा शंकर पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम सियपुर थाना सोरों बताए जाते हैं।

# सर्पदंश से किशोर की जान गई




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - अमांपुर कस्बा क्षेत्र के नगला मैय्या गांव में सोमवार को सर्पदंश से अर्पित सोलंकी ( 17 ) पुत्र मुनेंद्र सोलंकी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह शाम को अपने मूंगफली के खेत पर काम करने गया था। इसी दौरान उसे सांप ने डस लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिवारीजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# नानऊ नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव अकराबाद

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित गांव नानऊ के पास नहर में की दोपहर पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया है कि गांव नानऊ नहर पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव कहीं से बहकर आ गया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना पर पुलिस ने उक्त शव को नहर से निकलवा कर पहचान कराने का प्रयास किया। पहचान ना होने पर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार शव की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष रंग गेंहुआ कद लगभग 5 फुट 6 इंच बताया जा रहा है। जो नहर के पानी में नग्न अवस्था में बरामद हुआ।

# लधौआ रामपुर में विद्यालय का ताला तोड़कर चोर लेगये सामान



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच


अलीगढ-अकराबाद - गांव लधौआ रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में रखा राशन का सामान, गैस सिलेंडर व तराजू चोरी कर लेगये। प्रधानाध्यापक भावना चतुर्वेदी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस घटना की जांचकर रही है।

# किशोरी को बुरी नीयत से मक्का के खेत में खींचा

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी को बुरी नीयत से एक युवक द्वारा मक्का के खेत में खींचने का मामला जानकारी में आया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि समय करीब पांच बजे उसकी बेटी अपने सहेली के साथ जंगल में घास लेने गई थी। तभी पीछे पीछे गांव का ही एक युवक वहां पहुंच गया। और मेरी नाबालिग बेटी को हाथ पकड़कर मक्का के खेत में खींचने लगा। बेटी व उसकी सहेली के चीखने चिल्लाने पर वह मौके से भाग गया। आरोप है कि वापस घर आरही बेटी को रास्ते में रोककर पैसे दिखाकर घर पर न बताने के लिए धमकाया। बेटी ने घर पर आकर आपबीती बताई। घटना के संबंध में किशोरी के पिता ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मैं त्याग पत्र क्यों दूं



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जिला काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने हमारे संवाददाता से हुई एक खास मुलाकात के दौरान काग्रेंस पार्टी की एटा जिले में बुरी तरह पराजय के सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुऐ कहा कि एटा जनपद में स्थानीय निकाय निर्वाचन के दौरान बुरी तरह पराजित हुई काग्रेंस पार्टी के लिऐ कुछ स्थानीय काग्रेसं पदाधिकारी एवं प्रदेश नेत्रत्व जिम्मेदार है , उन्होनें कहा कि मैं त्याग पत्र क्यों दूं

# राशन की कालाबाजरी का वीडियो वायरल, विभाग मौन

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - सरकारी राशन की चोरी तथा कालाबाजारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि विभाग इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है और नकारने की कोशिश कर रहा है। सोमवार को सोशल मीडिया पर राशन से भरे ट्रक से राशन की कालाबाजारी का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें ट्रक को बीच रास्ते में रोककर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर राशन की बोरियां उतारकर लादी जा रही हैं। नगर के निधौली चौराहा पर इनको बचा जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोग कमेंट कर रहे हैं कि विभाग व राशन माफियाओं की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर यह खेल खुलेआम चल रहा है। वर्तमान में गेहूं 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजार में बिक रहा है। सरकारी राशन को आधे मूल्य में खरीदकर राशन माफिया मोटा लाभ कमा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निधौली रोड स्थित गांव हसनगढ़ गोदाम पर ट्रकों में लदी राशन की बोरियों में से दो-दो किलो राशन कम करने का वीडियो भी वायरल हुआ है। पूर्ति निरीक्षक दिग्विजय सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो संज्ञान में है। लेकिन यह पता नहीं लगा है कि ये किस जगह के हैं और वाहन संख्या क्या है। जानकारी की जा रही है

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# 2024 के लोकसभा के चुनावों में कई विरोधी दलों की क्षेत्रीय मान्यता खत्म हो जाएगी - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि भाजपा ने हमेशा सभी वर्गों के लिए काम किया किसान मोर्चा के कार्यकर्ता हमेशा जनता के बीच में रहकर कार्य करते हैं पार्टी के कार्य को लेकर जनता के बीच में जाएंगे जो भी केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने जनहित में कार्य किए हैं सन 2024 में फिर से पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार बनेगी कोई रोक नहीं सकता जनता ने मोदी सरकार बनाने का मन बना लिया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी के 9 साल की कार्यकाल की उपलब्धियां जनता के बीच में जा करके बताएंगे उन्होंने कहा है कि मोदी योगी सरकार ने सारी योजनाएं जनहित में दी हैं उसका लाभ पूरी जनता किसान ले रहे हैं उन्होंने यह भी कहा है कि निकाय चुनाव मैं विरोधी दलों के नेता चुनाव हार गए हैं इसलिए उल्टे सीधे आरोप विरोधी दलों के नेता लगा रहे हैं झूठे एवं निराधार है कुछ विरोधी दलों के नेता ऐसे हैं तभी जनता के बीच में नहीं रहते जब चुनाव आता है तो उनको किसान जनता अपना समाज याद आता है इसको भी जनता पूरी तरह से जान चुकी है विरोधी दलों के नेता नहीं कहते अबू अपनी गलत नीतियों से चुनाव आ रहे हैं जनता के वादे कभी पूरे नहीं किए जनता का कोई कार्य नहीं किया विकास कार्य में बहुत पीछे बिछड़ गई चुनाव के दौरान विरोधी दलों के नेताओं की शक्ल दिखती है सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में विरोधी दलों के नेताओं को जनता ने विपक्ष से हटाने का भी मन बना लिया है सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में कई दलों की क्षेत्रीय मान्यता भी खत्म हो जाएगी

# बाला जी मंदिर पर विशाल भन्डारे का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावस्ती- श्रावस्ती हरदत्त नगर गिरंट के बुधबाजार चौराहे पर हनुमान जी के मंदिर में जेष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को बड़ा मंगल के शुभ अवसर बीरगंज बाजार, बाला बाबा मंदिर वीरपुर ,जमुनहा बाजार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।भंडारे मे बड़ी संख्या मे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और आते जाते राहगीरों को भी बुला कर भगवान का प्रसाद दिया गया। यह भंडारा सुबह 10 बजे लेकर शाम 5 बजे तक चला । इस अवसर पर पंडित राम दयाल शर्मा , शंकर लाल , करियाती , चिरकू मिश्रा, अमरजीत यादव बब्लू यादव , केशव राम यादव, विनोद , प्रमोद यादव , दिनेश जयसवाल, बरसाती जयसवाल, संदीप त्रिपाठी , कुलदीप त्रिपाठी , कूवारे आदि भक्त गण मौजूद रहे।

# लू से बचें धूप में बाहर ना निकले -डीएम



अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने लू से बचाव हेतु जनपद वासियों से अपील किया है। उन्होने कहा कि लू के प्रभाव को गम्भीरता से लेना चाहिए तथा इससे बचाव हेतु विशेष सावधानी रखना चाहिए। बदलते मौसम में तेज गरम हवाएं यानि लू लगने पर शरीर की कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। गंभीर स्थिति में इससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने व इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस मौसम में उच्च जोखिम वाले समूह खास कर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती व हृदय रोगी को खान-पान व रहन-सहन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होने बताया कि सामान्यत: लू के लक्षण जैसे-सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहाशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना आदि हो सकते है। उन्होने बताया कि लू के लक्षण दिखने पर व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटायें, व्यक्ति के कपड़े ढ़ीले करें, उसे पेय पदार्थ कच्चे आम का पना आदि पिलायें, तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखें, प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। क्या करें-उन्होने बताया कि लू से बचाव हेतु घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें, सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी/कपड़ा/छतरी आदि का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ0आर0एस0 का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना, इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकलें। क्या न करें - लू से बचाव हेतु धूप में खाली पेट न निकलें, पानी हमेशा साथ में रखें, शरीर में पानी की कमी न होने दें, धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें, मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें, बुखार या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकले, धूप में अधिक न निकलें।

# सकारात्मक सोच,सामंजस्य,सद्भाव ही कामयाबी का मूल मंत्र- गोपीनाथ अग्निहोत्री प्रदेश निरीक्षक



क्यूँ न लिखूँ सच
बरेली -सरस्वती शिशु मन्दिर भोजीपुरा में आयोजित स्वागत सम्मान विदाई समारोह में प्रदेश निरीक्षक गोपीनाथ अग्निहोत्री द्वारा कहें गये शब्द सकारात्मक सोच,सामंजस्य व सदभाव ही कामयाबी का मूलमंत्र है यह शब्द सभी लोगों के हृदय में सीधे उतरते गये.. बोले विश्व के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठन विद्या भारती के विद्यालयों की देखरेख की जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से 23 वर्ष से निस्वार्थ सेवा कर रहा था, रिटायर्ड होने पर अपने जीवन के शुरुआती पलों को याद करते हुये कई बार भावुक हो गए.. वहीं विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह यादव ने इसी वर्ष भोजीपुरा में विद्या भारती का नवीन इंटर कॉलेज को खोलने की घोषणा की.. नवीन पूर्ण कालिक संभाग निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार जी का भी प्रथम बार आगमन पर स्वागत सत्कार किया गया सभी अतिथियों का तिलक चंदन लगाकर,अंगवस्त्र मिष्ठान नारियल, उपहार आदि भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संकुल स्तर के सभी प्रधानाचार्य व आचार्य मौजूद रहे। संचालन प्रधानाचार्य ब्रज भूषण शुक्ल ने किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम आसरे शुक्ल ने की पूर्व संभाग निरीक्षक हरीश कुमार गंगवार, एडीओ जगदीश गंगवार,बनबारी लाल,राधेलाल,परमानन्द, लाल सिंह,मथुरा प्रसाद, सोमपा अनुपम आदि लोग रहें।

# प्रधानमंत्री आवास का छत नहीं पड रहा



लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावस्ती- विकासखंड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनकटवा भीट्ठी के निवासी नगेशर पुत्र सांवली ने प्रधानमंत्री आवास पाया था जो अपने निजी पुश्तैनी जमीन में आवास को बनवाया जिसको गांव के ही बिरादरी के लोग जबरन नहीं बनने देना चाहते हैं

आवास छत के बराबर दीवाल हो गई है लेकिन छत पढ़ने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं विपक्षी छोटकऊ ने फर्जी तरीके से स्थगन आदेश न्यायालय द्वारा करवाया था जो मकान पर कोई अस्थगन आदेश न्यायालय द्वारा नहीं है फिर भी भंगहा पुलिस चौकी के प्रभारी ने प्रधानमंत्री आवास क्षत विपक्षी से मिलीभगत करके नहीं पढ़ने दे रहे हैं इस संबंध में प्रार्थि ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है और आवास का छत डलवाने की लिए उच्च अधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन में रोड़ा या व्यवधान भगा पुलिस चौकी के प्रभारी पड़ रहे हैं छत नहीं पड़ने दे रहे हैं जिलाधिकारी श्रावस्ती को प्रार्थना पत्र भेजकर प्रधानमंत्री आवास का छत डलवाने की अनुमति देने हेतु मांग किया है ।

# शहर पर छाया धूल का गुबार, अगले 24 घंटे में तेज आंधी के साथ हो सकती है बारिश



अलीगढ -धूल के गुबार ने बुजुर्ग व सांस रोगियों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में लोगों को बेहद जरूरी काम होने पर ही घर से निकलना चाहिए। अगर बाहर जा भी रहे हैं, तो मास्क का प्रयोग करें। जिससे धूल के बारीक और नुकसानदायक कण शरीर में प्रवेश न करें। पश्चिमी विक्षोभ के असर से अलीगढ़ में एक बार फिर मौसम में बदलाव आ गया है। मंगलवार सुबह तेज हवाओं ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई, लेकिन इसके बाद दोपहर बाद तक धूल भरी आंधी चलती रही। इस आंधी ने पूरे शहर को अपनी जद में ले लिया। आसमान में धूल का गुबार बना रहा। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में तेज आंधी के साथ बारिश भी हो सकती है। धूल के कारण सुबह 10 बजे करीब सड़कों पर अंधेरा छा गया। ऐसा दिन में कई बार हुआ। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटों तक मौसम बदला रहेगा। धूल भरी आंधी के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। जिले का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा था।

## बोले मौसम वैज्ञानिक

मौसम वैज्ञानिक डॉ. राम पलट ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ इन दिनों खाड़ी देशों में सक्रिय है। जिससे मौसम में बदलाव आ रहा है। अगले 24 घंटे तक ऐसा ही मौसम रहेगा। बुधवार को भी तेज आंधी और बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट हो सकती है।

## धूल से सांस रोगी परेशान

डा. फरहद जमाल ने बताया कि धूल के गुबार ने बुजुर्ग व सांस रोगियों की परेशानी बढ़ा दी है।
ऐसे में लोगों को बेहद जरूरी काम होने पर ही घर से निकलना चाहिए। अगर बाहर जा भी रहे हैं, तो मास्क का प्रयोग करें। जिससे धूल के बारीक और नुकसानदायक कण शरीर में प्रवेश न करें।

# राज्यपाल ने राजश्री कॉलेज की छात्रा मोनिका को प्रथम पुरूस्कार से सम्मानित



क्यूँ न लिखूँ सच
बरेली - रिठौरा -रूहेलखण्ड इनक्यूवेशन फाउंडेशन के उद्धघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि, कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार आनन्दी वेन पटेल द्वारा मिस्ट्री आर्ट पर आधारित हस्तनिर्मित कलाकृति के लिए राजश्री इंस्टीट्यूट के गृहविज्ञान विभाग की बी.एस.सी. ( प्रथम वर्ष ) की छात्रा मोनिका को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली में नेशनल वुमेन इन्टरप्रिन्योर समिट 2023 के अवसर पर देश की आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में, गत माह में आयोजित कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रथम पुरस्कार के रूप में रूपये पच्चीस हजार का चेक प्राप्त करने वाली मोनिका ने गृहविज्ञान पाठ्यक्रम में रचनात्मकता के अन्तर्गत प्रयोगविहीन वस्तुओं द्वारा हस्तनिर्मित कलाकृति का निर्माण सहायक प्रोफेसर शिवानी शर्मा के निर्देशन में पूरा किया। ऐतिहासिक काल से चली आ रही परम्पराओं को संजोए हुए इन कृतियों में मिस्ट्री आर्ट काफी चलन में है। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में महिलाओं के उत्थान एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आवश्यक प्रयासों को पाठ्यक्रम में शामिल करना आवश्यक बताया।
संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं एकेडमिक एडवाइजर मिस तूलिका अग्रवाल ने छात्रा मोनिका को बधाई एवं शुभाशीष दिया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे कार्यक्रमों को राजश्री ग्रुप के एजेंडे में शामिल बताया। इस मौके पर राजश्री इन्स्टीट्यूट के निदेशक शोध एवं विकास डॉ? पंकज कुमार शर्मा, अंकुर भटनागर, हरप्रीत सिंह, शिवानी शर्मा, मोहिता अग्रवाल, रजत, प्रिया, रामजी प्रसाद, वरूण गुप्ता उपस्थित रहें।

# उधारी के रुपये मांगने पर दंपत्ति के साथ की मारपीट



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
अलीगढ- अकराबाद। थाना क्षेत्र के गांव सेहोर में की उधारी के रुपए मांगने को लेकर दबंग दंपत्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की सूचना पर पुलिस ने घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव सेहोर निवासी वेदराम पुत्र पंचम सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही तीन लोगों पर उसके कुछ रुपए उधार थे। जिनसे उसने अपने उधारी के रुपए वापस मांगे तो इसी बात पर वह उत्तेजित हो गए और तीनों लोगों ने एक राय होकर मेरे व मेरी पत्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की है। तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए हैं। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट से मेरे सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। पीडित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# मासिक संकुल बैठक बेहतर शिक्षा की नींव - त्रिलोकीनाथ गंगवार



क्यूँ न लिखूँ सच
बरेली - प्राथमिक विद्यालय जगी डंडी ,भदपुरा में पूर्व नियोजित एजेंडे पर मासिक संकुल बैठक का आयोजन हुआ।
जिसमें न्यायपंचायत जवेदा - जवेदी की सभी विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया । शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन , माल्यार्पण कर किया ।सभी शिक्षकों को विभागीय आदेशों के विषय निर्देशित किया। समर कैंप लगाने के विषय में विस्तार से शिक्षकों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया की ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्वयं सेवी व्यक्तियों द्वारा बच्चों को निपुण दक्षताओं पर शिक्षकों द्वारा उपलब्ध सामग्री द्वारा पठन कराना

जिससे बच्चों में शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी ।एआरपी संजीव सिंह द्वारा उपचारात्मक शिक्षण संद्रशिकाओं का प्रयोग निपुण तालिका अपडेट करने के विषय में विस्तार से चर्चा की संकुल शिक्षक भूपेंद्र भास्कर द्वारा निपुण विद्यालय बनाने के लिए आवश्यक 10 प्वाइंट टूल किट पर चर्चा की नोडल शिक्षक रामगोपाल ने बैठक संचालित की, बैठक में शिक्षक बच्चन सिंह, महेशपाल,संकुल शिक्षक श्रीपाल प्रेमपाल स्वेता सिंह, कोमल गंगवार, नेहा गोला रिंकू सिंह रंजना शर्मा अलका शाक्य ओमप्रकाश , सोमपाल , पुष्पा गुप्डीता स्वाति पटेल आदि मौजूद रहे । बैठक में उत्कृष्ट शिक्षण प्रदर्शन के लिए शिक्षिका अनामिका उच्च प्राथमिक विद्यालय मधुनगला को सम्मानित किया गया।

# गोरखपुर में बनेगा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का कार्यालय, सीएम बोले- ड्रग माफिया के नेटवर्क का हो खात्मा



मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाई जाए। गृह विभाग के साथ-साथ नगर विकास व ग्राम्य विकास विभाग को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा। एनडीपीएस के मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होनी जरूरी है, ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिलेकेंद्र सरकार ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का गोरखपुर में नया जोनल मुख्यालय बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यालय के भवन के लिए आवश्यक भूमि और संसाधन प्रदेश सरकार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को एनकॉर्ड राज्य स्तरीय समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों हिस्सा लिया।मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी हर राज्य की समस्या है। प्रवर्तन से जुड़े सभी बल एकजुट होकर इस दिशा में काम करें। हमें ड्रग्स के स्त्रोत की पड़ताल, उसके नेटवर्क की समाप्ति, दोषियों की गिरफ्तारी और नशा करने वालों के पुनर्वास के बहुआयामी प्रयास करने होंगे। प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध निर्माण, खरीद-फरोख्त और ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करना होगा। जो भी व्यक्ति इसमें संलिप्त पाए जाएं, उनके खिलाफ कुर्की सहित कठोरतम कार्रवाई हो। साथ ही, संवेदनशील जिलों में सतर्कता और इंटेलिजेंस को और बेहतर करना होगा। अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाई जाए। गृह विभाग के साथ-साथ नगर विकास व ग्राम्य विकास विभाग को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा। एनडीपीएस के मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होनी जरूरी है, ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिले। सर्वाधिक लंबित मुकदमों वाले जिलों में विशेष न्यायालय का गठन करने के लिए शासन स्तर से कार्यवाही की जाए। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के झांसी, सहारनपुर और गाजीपुर में भी थाने क्रियाशील किए जाएं। ? मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए भारत सरकार के एनकॉर्ड पोर्टल और निदान प्लेटफॉर्म का समुचित उपयोग करना चाहिए। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और मजबूत बनाया जाए, ताकि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक कार्रवाई की जा सके। ? भारत सरकार की मंशा के अनुरूप जिला-स्तरीय और राज्य-स्तरीय एनकॉर्ड की बैठकें नियमित अन्तराल पर की जाएं। हैं। यह बैठक प्रत्येक दशा में हर माह होनी चाहिए। कतिपय जिलों में बैठक में देरी की सूचना है। प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था द्वारा इन जिलों की समीक्षा की जाएगी। ? ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई सिर्फ किसी एक सरकार की लड़ाई नहीं जन-जन की लड़ाई है। नशे के खिलाफ लड़ाई को जन आंदोलन बनाना होगा। इस वर्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती (25 सितंबर) से महात्मा गांधी जी की जयंती (02 अक्टूबर) तक नशा मुक्ति विषयक प्रदेशव्यापी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी करें।

# कमरे से चीखती हुई निकली पड़ोसी महिला, मौके पर पहुंचे अफसर भी रह गए दंग, बेड पर पड़ी थीं दंपती की लाशें




मेरठ के पॉश इलाके शास्त्रीनगर में एक बड़ी वारदात हो गई और किसी को पता तक नहीं चला। वहीं, इस सनसनीखेज वारदात का बाद में पता चला तो हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में दंपती अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ रहता था। इनके दो बच्चे हैं, वे दोनों ही नोएडा में जॉब करते हैं। बेटा अपने माता-पिता को कॉल कर रहा था लेकिन, फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उसने पड़ोस में रहने वाली आंटी को फोन किया और कहा कि मम्मी-पापा कॉल नहीं उठा रहे हैं। एक बार आप जाकर देख लीजिए। महिला उनके घर पहुंचीं और बुजुर्ग दंपती को जानकरी देकर ऊपर दूसरी मंजिल पर पहुंचीं। महिला जैसे ही कमरे में गई तो तुरंत चीखती हुई बाहर निकलीं। वहीं, महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कमरे में दंपती को लहूलुहान हालत में बेड पर देख हर किसी की रूह कांग गई।इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। वहीं, उनके दोनों बच्चों को भी घटना के बारे में बताया गया। उधर, सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिकारियों को भी घटना के बारे में बताया।जानकारी होने पर एसएसपी और एडीजी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की। उधर, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।बताया गया कि शास्त्रीनगर में मंगलवार को दिन निकलते ही दोहरे हत्याकांड की सूचना से हड़कंप मच गया। यहां एक दंपती को मौत के घाट उतार दिया गया। दोनों की गला काटकर निर्मम हत्या की गई।

मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उधर, फॉरेंसिक टीम भी जांच पड़ताल में जुट गई है। उजड़ गई दुनिया- जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात दंपती की हत्या की गई। अध्यापिका ममता (50) और उनके पति प्रमोद (52) का गोल मंदिर के नजदीक निवास है। उनका बेटा व बेटी गुरुग्राम में जॉब करते हैं। सोमवार देर रात दंपती अपने घर की दूसरी मंजिल पर सोए हुए थे। वहीं प्रमोद के बुजुर्ग माता पिता नीचे सोए हुए थे।सरिये की फैक्टरी में काम करते थे प्रमोद- उधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक प्रमोद कर्णवाल दिल्ली में सरिये की फैक्टरी में काम करते थे, जबकि पत्नी ममता बीडीएस स्कूल में टीचर थीं। पुलिस इस मामले के हर बिंदु पर जांच कर रही हैं। उम्मीद है कि जल्द ही दोहरे हत्याकांड का खुलासा होगा।

# कोर्ट में पेशी पर आए दो हत्यारोपियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, दोनों घायल, आरोपी को भीड़ ने दबोचा

जौनपुर दीवानी न्यायालय परिसर में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पेशी पर आए दो बंदियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। दोनों बंदियों को एक-एक गोली लगी। हमलावर पहले से कोर्ट में मौजूद था। वह हत्याकांड के मामले में गवाही देने आया था। यूपी के जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर में एक साल पहले हुए बादल हत्याकांड के दो आरोपियों पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस दौरान दो गोली तो मिस हो गईं, लेकिन एक-एक



गोली बंदियों को लग गई। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वारदात को तब अंजाम दिया गया जब पुलिस अभिरक्षा में दोनों को पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। जब कोर्ट परिसर में गोली चली तो वहां भगदड़ मच गई।जिले के धर्मापुर बाजार में एक दुकान पर अंडा खाने के दौरान 6 मई 2022 को ठकुरची (धर्मापुर) निवासी बादल यादव और उतरगावां निवासी अंकित यादव को चाकू मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया गया था। जिला अस्पताल ले जाने पर बादल यादव को मृत घोषित कर दिया गया।

### जिसके भाई की हुई थी हत्या, उसी ने मारी गोली

उस हत्याकांड में नामजद सत्य प्रकाश उर्फ सूर्य प्रकाश उर्फ गोलू राय और मिथिलेश गिरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों जिला कारागार में निरूद्ध हैं। मंगलवार को उस मामले में दोनों की पेशी थी। उधर से बादल के भाई व अन्य गवाहों को भी गवाही के लिए बुलाया गया था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सत्य प्रकाश और मिथिलेश को पुलिस लेकर न्यायालय जा रही थी। कोर्ट परिसर में पहुंचने पर ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली बरसानी शुरू कर दी। एक गोली मिथिलेश के पीठ में और दूसरी सत्य प्रकाश के हाथ में लगी। गोली चलने की आवाज़ से कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। भीड़ ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। एएसपी सिटी बृजेश कुमार गौतम ने बताया कि एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। गोली लगने से घायल बंदियों का इलाज चल रहा है।

## बाबू सिंह कुशवाहा के करीबियों की कंपनी की ईडी ने शुरू की जांच, कई संपत्तियां खरीदने का मामला



हाल ही में आयकर विभाग ने भी बाबू सिंह की लखनऊ में कानपुर रोड स्थित एक बेशकीमती संपत्ति को बेनामी एक्ट में जब्त किया था। ये संपत्ति भी विंध्य शक्ति के नाम थी, जिसे बाद में कानपुर के देशराज सिंह को बेचा गया था।पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के करीबियों की कंपनी विंध्य शक्ति सीमेंट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आ गई है। बाबू सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच कर रहे ईडी को कुछ ऐसी संपत्तियों की जानकारी मिली है, जो कंपनी के नाम से खरीदी गई थीं। बताते चलें कि हाल ही में आयकर विभाग ने भी बाबू सिंह की लखनऊ में कानपुर रोड स्थित एक बेशकीमती संपत्ति को बेनामी एक्ट में जब्त किया था। ये संपत्ति भी विंध्य शक्ति के नाम थी, जिसे बाद में कानपुर के देशराज सिंह को बेचा गया था।बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत बीते दस साल से जांच कर रहे ईडी ने हाल ही में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस भी दर्ज किया था। इस मामले में ईडी बाबू सिंह की ऐसी संपत्तियों का पता लगा रही है, जिनका बेनामीदार कोई और है। ईडी ने इस संबंध से आयकर विभाग से भी कुछ जानकारियां मांगी थी, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ रही है।

24x7 KNLS लाइव हर खबर लाइव
KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# Coach Ashish Nehra did not celebrate Shubman's century, fought with captain Hardik about this, know

This incident happened during Gujarat's innings. Gujarat lost eight wickets in scoring 41 runs. Due to this, coach Nehra looked unhappy and clashed with captain Hardik after the end of the innings. In the 62nd match of IPL 2023, defending champions Gujarat Titans defeated Sunrisers Hyderabad by 34 runs on Monday. With this win, the Gujarat team also became the first team to qualify for the playoffs. However, the match saw controversy within the Gujarat team itself, when coach Ashish Nehra and captain Hardik Pandya clashed. Many pictures have also come out regarding this. Nehra has been seen getting angry many times as




a player, but since he took over the coaching position in IPL in 2022, he has been seen angry for the first time. Actually, this incident happened during Gujarat's innings. Batting first after losing the toss, the Gujarat team was shocked in the very first over when Wriddhiman Saha returned to the pavilion without opening the account. After this, Shubman Gill and Sai Sudarshan shared a 147-run partnership for the second wicket. After this, Sai Sudarshan lost his wicket as the second wicket. He got out after scoring 47 runs in 36 balls with the help of six fours and a six. As soon as Sudarshan got out, there was a flurry of wickets. Then Hardik Pandya (8), David Miller (7), Rahul Tewatia (3) were also dismissed cheaply. The score went from 147 for one to 175 for five. After this Shubman scored an excellent century. This was the first century of his IPL career. Appreciating this, the rest of the Gujarat players stood up and clapped for him, but Ashish Nehra sat there and did not show any happiness. Even his reaction angered commentators Aakash Chopra and Saba Karim. During this, the commentators were heard saying that Nehra seems to want more than his team and hence is not celebrating the century. Shubman also lost his wicket after scoring a century. He got out after scoring 101 runs in 58 balls with the help of 13 fours and a six. Gujarat lost eight wickets in scoring 41 runs. In this, Bhuvneshwar took four wickets in the last over (20th). The incident of dispute between Nehra and Hardik happened at the same time when the Gujarat batsman lost his wicket by playing a bad shot. Nehra was then seen fuming and angry in the dug out. After the end of the innings, Nehra clashed with captain Hardik and there was a heated exchange between the two at the boundary line. During this intense chat, both Hardik and Nehra were seen in a very good mood. After Nehra's departure, Gujarat Titans director Vikram Solanki was seen trying to pacify Hardik. However, despite all the controversies, the Gujarat bowlers bowled well and restricted Hyderabad to 154 for nine in 20 overs. . Mohit Sharma and Mohammed Shami both took four wickets each. At the same time, Yash Dayal got a wicket. With this win, Gujarat has 18 points from 13 matches with nine wins and four losses. The team still occupies the top spot. His next match is against Royal Challengers Bangalore. Gujarat's first or second place is considered to be certain.

# Dog bitten Arjun Tendulkar? Pain spilled in front of colleagues after reaching Lucknow, know the whole matter

Arjun has told that the dog bit him in his bowling arm. For this reason, he is unable to play in IPL matches. In IPL 2023, a big news related to Sachin Tendulkar's son Arjun Tendulkar has come to the fore. Arjun Tendulkar, who made his IPL debut this year, has been bitten by a dog. Arjun himself informed about this. Arjun has told that the dog bit him in his bowling arm. For this reason, he is unable to play against IPL. Mumbai will face Lucknow on Tuesday. In such a situation, Arjun is finding it difficult to play this match as well. The video was




shared by Lucknow Super Giants on social media. In its caption, he wrote – My friend came from Mumbai. Arjuna hugs Yudhveer Charak at Ikana. During this Yudhveer asks - and all is well? are you ok On this Arjun says- Yes, the bus has been bitten by the dog and then he shows his left hand. After this Arjun meets Mohsin Khan. All three are fast bowlers. Arjun and Mohsin are left-arm fast bowlers, while Yudhveer is a right-arm fast bowler. Arjun reveals that he has a wound on the fingers of his bowling arm due to a dog bite. According to media reports, Arjun was given rest because of this incident. Arjun has not played any match since 25th April. He made his debut in IPL this year. Arjun made his debut for Mumbai on 16 April, bowling two overs against Kolkata Knight Riders and conceding 17 runs. After this, in the match against Sunrisers Hyderabad (18 April), he got the first wicket of IPL by dismissing Bhuvneshwar Kumar. Arjun also took a wicket against Punjab. He sent Prabhsimran to the pavilion. After this, against Gujarat (April 25), Arjun took the wicket of Wriddhiman Saha for nine runs in two overs. Overall, Arjun has taken three wickets in four matches in the IPL so far. Mumbai team in the race to reach the playoffs - Mumbai team has played 12 matches so far. Out of this, they have won seven matches and have faced defeat in five matches. The team has 14 points. Mumbai faces Lucknow on 16 May. If Rohit's Paltan wins this match, then it will have 16 points and the team will almost qualify for the playoffs. His last match is against the Sunrisers Hyderabad team running in poor form.

# 'As soon as I heard that Dhoni...' the great Sunil Gavaskar told the story behind Mahi's autograph, know

During the lap of honour, Gavaskar ran up to Dhoni and asked for his autograph. After this, Dhoni gave Gavaskar an autograph on his shirt and both of them also hugged each other. Chennai Super Kings faced defeat against Kolkata Knight Riders in their last home match of the league round of IPL 2023. After the defeat, the entire team, including captain Mahendra Singh Dhoni, performed a lap of honor at the Chepauk Stadium in front of the Chennai fans. Amidst this lap of honour, an incident involving the great Sunil Gavaskar and Dhoni won the hearts of the whole world. In fact, during the lap of honour, Gavaskar came running to Dhoni and asked him for an autograph. After this Dhoni gave Gavaskar an autograph on his shirt and both of them hugged each other. Now Gavaskar has told the story behind this whole incident. What did Gavaskar say? Gavaskar revealed that he was not prepared for this and all the decisions were taken on the spur of the moment. Gavaskar said- As soon as I heard that the Chennai team was going to do a lap of honor (a round of the Chepauk stadium), I borrowed a pen. So, I have kept this pen with me as well. Many thanks to Dhoni. Who doesn't love them? What he has done for Indian cricket over the years is amazing. Most importantly for me, he has been a role model. There are a lot of youngsters in India who look up to him. The way Dhoni has carried himself over the years is absolutely brilliant. What happened in the CSK vs KKR match? Chennai had to face defeat in their last home league round match on Sunday. Kolkata Knight Riders defeated CSK by six wickets. Rinku Singh and Nitish Rana struck half-centuries as KKR beat CSK by 6 wickets at the MA Chidambaram Stadium on Sunday. Batting first, Chennai scored 144 runs losing six wickets. Shivam Dubey scored the highest 48 runs in 34 balls with the help of one four and three sixes. At the same time, Devon Conway played an inning of 30 runs. In response, the Kolkata team scored 147 runs losing four wickets in 18.3 overs and won the match. Rinku Singh played an inning of 54 runs in 43 balls. At the same time, captain Nitish Rana remained unbeaten after scoring 57 runs in 44 balls. With this victory, Kolkata has 12 points in 13 matches and this team remains in the playoff race. At the same time, despite the defeat, the Chennai team remains at the second position in the points table. To reach the playoffs, Chennai will have to win their last match or need the support of luck.



# Aishwarya Rajesh gets police protection amid 'Farhana' controversy, police personnel deployed outside house

The controversy over the Tamil film 'Farhana' is increasing. Aishwarya Rajesh plays the role of a Muslim woman 'Farhana' in the film. Muslim organizations have come out against this film and due to this the safety of the actress has become a matter of concern. The police have increased Aishwarya's security as the controversy escalates. Police force has been deployed outside his house on Monday. The film 'Farhana', directed by Nelson Venkatesan, released on May 12, has been mired in controversies ever since its trailer release. People




opposing the film say that the film is negative about the Muslim community. Some Muslim groups, including the Indian National League (INL), have also called the film 'anti-Islamic'. The film has not received a very good response at the box office as well. Made in a budget of just Rs 7 crore, the film did a net collection of only Rs 34 lakh on the opening day. Whereas since then its earnings kept decreasing continuously. The story of the film is like this - Nelson Venkatesan's film 'Farhana' is the story of a Muslim girl, who works in a phone sex chat service company. Initially, she is a bit uncomfortable about this work, but gradually she gets attached to a collar. An emotional bond develops between Farhana, the main character of the film, and this caller. Fearing a controversy like 'The Kerala Story', the police have increased the security of Tamil actress Aishwarya Rajesh, who plays the lead role in 'Farhana'. In a recent media interview, Aishwarya Rajesh had said, 'Religion was never an issue behind doing this film. I would definitely play this character, even if it is a Hindu or a Christian. The angle of religion has not been an obstacle for me. 'The makers of the film issued a statement - Amid growing controversy, the makers of the film had also issued a statement recently. It said that 'Farhana' is not against any particular religion. Makers said, 'Our films have talked about religious harmony, social unity and love. It is not against any religion.

# Neha Dhupia was pregnant before marriage, knowing the truth, the family gave this warning

Neha Dhupia is one of the top actresses in the industry today. She is very active on social media and keeps sharing adorable pictures and videos with her husband Angad Bedi and kids. In a recent interview, she talked about getting pregnant before marriage and also revealed about the reaction of her family after knowing about her pregnancy. In the interview, Neha Dhupia married Angad Bedi. Talking about getting pregnant before getting married said that we had married without any scale. I was pregnant before we got married, so when we went and told my parents, they said great, but you have only 72 hours to get married. What was it then, we said let's go and got married. With this Neha said that my choice is not hurting anyone, so there is no harm in doing what you want and see where it got us. Neha and Angad celebrated their fifth wedding anniversary on 10 May. The couple celebrated this special day in Maldives with their children. Earlier in the interview, Neha Dhupia had told about her mother Manpinder aka Babli Dhupia's attachment to husband Angad Bedi. Neha had said that her mother was already happy when she first told her about marrying Angad. The actress also revealed how her mother constantly asked her to stay with Angad while she was in another relationship. Let us tell you that Neha Dhupia and Angad Bedi secretly married on 10 May 2018 at a



gurdwara in Delhi. It was The news of this couple's marriage was not known to anyone in the film industry. A few hours after the wedding, both of them surprised everyone by sharing pictures on social media.

# This Bollywood actress became a mother after crossing the age of 40, gave birth to a child without any complications

In the dazzling world of entertainment, many actresses have made their special place on the basis of acting. Many actresses decide to get married only after they are completely settled in their careers. At the same time, some actresses take the decision of becoming a mother late to make their career even after marriage. Many actresses have become mothers at the age of 35 to 40 due to focus on their career, one of them is Gauhar Khan. Gauhar has recently become a mother. Let's know about those actresses, who gave birth to a child at the age of 40. Gauhar Khan- Let's talk about Gauhar Khan first in this list. Lately there have been echoes in Gohar's house. On Thursday, May 11, Gauahar Khan announced that she has given birth to a baby boy. Gauhar, who was the winner of 'Bigg Boss Season 7', has given birth to her first child at the age of 39. Kareena Kapoor- The next name in this list comes from Bollywood's 'Bebo' Kareena Kapoor Khan. Kareena married Saif Ali Khan in the year 2012. In 2016, she gave birth to their first child, Taimur, when the actress was 36 years old. Then, she became a mother for the second time at the age of 40. In the year 2021, she gave birth to her second son Jahangir Ali Khan alias Zaheer. Bipasha Basu - Bollywood's hot and bold actress Bipasha Basu is also included in this list. Bipasha married actor Karan Singh Grover in the year 2016. After seven years of marriage, Bipasha gave birth to their first daughter 'Devi Basu Singh Grover'. Bipasha became a mother at the age of 47. Neha Dhupia- Bollywood's hot actress Neha Dhupia is included in this list. Neha married Angad Bedi in the year 2018. Neha Dhupia became a mother in 2018 itself. She gave birth to daughter Meher Dhupia Bedi at the age of 40. Amrita Rao- Amrita Rao is also included in the list of Express who became a mother after the age of 40. Amrita Rao married RJ Anmol in the year 2016. In the year 2020, they welcomed their first child. Actress Amrita gave birth to son Veer at the age of 40. Diya Mirza- Model and actress Diya Mirza has also made her place in this list. Diya had also taken the decision of becoming a mother very late. When actress Diya gave birth to her first child, Awayan, she was 40 years old i.e. Diya Mirza also became a mother at the age of 40.In the dazzling world of entertainment, many actresses have made their special place on the basis of acting. Many actresses decide to get married only after they are completely settled in their careers. At the same time, some actresses take the decision of becoming a mother late to make their career even after marriage. Many actresses have become mothers at the age of 35 to 40 due to focus on their career, one of them is Gauhar Khan. Gauhar has recently become a mother. Let's know about those actresses, who gave birth to a child at the age of 40. Gauhar Khan- Let's talk about Gauhar Khan first in this list. Lately there have been echoes in Gohar's house. On Thursday, May 11, Gauahar Khan announced that she has given birth to a baby boy. ave birth to their first child, Taimur, when the actress was 36 years old. Then, she became a mother for the second time at the age of 40. In the year 2021, she gave birth to her second son Jahangir Ali Khan alias Zaheer. Bipasha Basu - Bollywood's hot and bold actress Bipasha Basu is also included in this list. Bipasha married actor Karan Singh Grover in the year 2016. After seven years of marriage, Bipasha gave birth to their first daughter 'Devi Basu Singh Grover'. Bipasha became a mother at the age of 47. Neha Dhupia- Bollywood's hot actress Neha Dhupia is included in this list. Neha married Angad Bedi in the year 2018. Neha Dhupia became a mother in 2018 itself. She gave birth to daughter Meher Dhupia Bedi at the age of 40. Amrita Rao- Amrita Rao is also included in the list of Express who became a mother after the age of 40. Amrita Rao married RJ Anmol in the year 2016. In the year 2020



# वार्ड नंबर 93 में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने शुरू किया सड़क निर्माण कार्य



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - लुधियाना उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए वार्ड संख्या 93 के अंतर्गत दुर्गापुरी, हैबोवाल में लगभग 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया. इस सड़क के बनने से उन हजारों राहगीरों को लाभ होगा जो लंबे समय से इन जर्जर सड़कों पर ठोकरें खा रहे हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विधायक बग्गा ने कहा कि इस परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा ताकि इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को इसका लाभ मिल सके।उन्होंने आगे कहा कि पिछली सरकार की क्षेत्र के निवासियों की उपेक्षा के कारण यह परियोजना करीब पांच साल से लटकी हुई थी।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। विधायक बग्गा ने संबंधित अधिकारियों को इस परियोजना की गुणवत्ता और गति को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए और कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी । उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिये गये गारंटियों को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि वह शहरवासियों को बिजली, पानी, सीवरेज, आम आदमी क्लीनिक, रोजगार आदि सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट ने लुधियाना के सभी एटीएम पर सुरक्षाकर्मी तैनात करने के आदेश जारी किए

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - संयुक्त पुलिस आयुक्त, शहर-सह-स्थानीय लुधियाना सौम्या मिश्रा, आई.पी.एस. दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 ( 1974 का अधिनियम संख्या 2 ) छ्ठ्र.क्कष्ट। पुलिस आयुक्तालय के तहत सौंपी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए लुधियाना के क्षेत्र में स्थित सभी एटीएम पर रात 08-00 बजे से सुबह 06-00 बजे तक कम से कम एक सुरक्षा गार्ड तैनात करने का आदेश दिया। उक्त अवधि के दौरान कोई भी एटीएम बिना सुरक्षा कर्मियों के। चलने नहीं दिया जाएगा। जारी आदेशों में सौम्या मिश्रा ने कहा कि पंजाब के अलग-अलग शहरों में कुछ अवैध तत्वों ने एटीएम खोल रखे हैं. लूटपाट या तोड़-फोड़ करने का प्रयास किया गया है, जिससे आम जनता के मन में आशंका और भय की भावना पैदा हुई है। अत- जनहित में एटीएम की लूटपाट एवं तोड़-फोड़ को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि जनता में विश्वास की भावना बनी रहे। एक अन्य आदेश में आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कमिश्नरेट लुधियाना के भीतर स्थित पंजाब पुलिस, पंजाब होमगार्ड, अर्धसैनिक बलों और सेना की वर्दी बेचने वाले दुकानदारों को विभिन्न निर्देश जारी किए गए हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त, शहर-सह-स्थानीय लुधियाना सौम्या मिश्रा, आई.पी.एस. पंजाब पुलिस, पंजाब होमगार्ड, अर्धसैनिक बलों और सेना की वर्दी बेचने वाले व्यक्तियों या दुकानदारों को हिदायतें जारी की गई हैं कि वे अपने कारोबार का पूरा रिकॉर्ड तैयार करें और इस संबंध में मासिक रिपोर्ट निकटतम थाने को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश जारी किया है कि जब भी कोई व्यक्ति उनके पास (दुकानदार) किसी भी तरह के यूनिफॉर्म उपकरण खरीदने आए तो बेचे गए सामान का विवरण और खरीदार का पहचान पत्र, मोबाइल नंबर और आवासीय पता उसे (दुकानदार को) देना होगा. रजिस्टर में इंट्री की जाए। इसी तरह एक माह में बेची गई वर्दी की रिपोर्ट संबंधित थाने को भिजवाने की जिम्मेदारी भी हर दुकानदार की होगी। हर दुकानदार की जिम्मेदारी है कि वह मासिक गोशवारा तैयार कर समग्र रिकार्ड तैयार करे। उन्होंने कहा कि कभी-कभी असामाजिक तत्व पैरा मिलिट्री फोर्स और अवैध रूप से सेना की वर्दी का इस्तेमाल कर किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इस अवैध उपयोग को रोकने के लिए ये आदेश जारी किए गए हैं। ये आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगे तथा जारी होने की तिथि से दो माह तक प्रभावी रहेंगे।

# शोंक सरदारी दा फिल्म की स्टारकास्ट-कमल ग्रेवाल, इरविन मीत, अवतार निजार और केएस घुमन भी पहुंचे सीटी यूनिवर्सिटी



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - छात्र कल्याण विभाग, सीटी यूनिवर्सिटी ने बेमिसाल संगीत संध्या का आयोजन किया। इंडियन आइडल अकादमी के प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी सुरीली आवाज ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इन नवोदित कलाकारों ने संगीत के प्रति अपने अटूट जुनून और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस मोके पर कमल ग्रेवाल, इरविन मीत, अवतार निज़ार और केएस घुमन के साथ फिल्म फ्रशोंक सरदारी दाफ्र की स्टार कास्ट ने इस शाम की और भी मनोरजक बनाया और अपना पोस्टर भी रिलीज़ किया। आई.आर.एस. आयकर आयुक्त रोहित मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (कार्यकारी) डॉ. सतीश ने खुशी जताते हुए कहा कि इंडियन आइडल एकेडमी के गायकों और फिल्म %शोंक सरदारी दा% की स्टार कास्ट ने इस शाम को खास बना दिया। उन्होंने इंडियन आइडल अकादमी के निदेशक रविनंदन शर्मा को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया और मेहमानों को बधाई दी और स्टारकास्ट को उनकी आने वाली फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्र कल्याण विभाग के उप निदेशक दविंदर सिंह, अडिशनल डिरेक्टर एडमिशंस अमनदीप टांगरी, उप निदेशक कल्चरल अफेयर्स सरघी कौर वढिंग सहित स्टाफ और छात्र इस संगीत समारोह का हिस्सा बने।

# नगर सुधार ट्रस्ट को मिले दो नए एसडीओ को अध्यक्ष भिंडर/अध्यक्ष मक्कड़ कराया ज्वाइन



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना-चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर द्वारा लुधियाना में दो नए एसडीओ की तैनाती औद्योगिक नगरी के अर्बन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की योजनाओं को सरकार के निर्देशानुसार एक-एक कर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से की गई।नौकरी शुरू होने के पहले ही दिन वे नगर सुधार न्यास के कार्यालय पहुंचे ट्रस्ट के अध्यक्ष तरसेम सिंह भिंडर व जिला योजना समिति के अध्यक्ष शरणपाल सिंह मक्कड़ ने एसडीओ प्रभजोत कौर व एसडीओ जसकरन सिंह को अपने-अपने कार्यालय में कुर्सियों पर बिठाया । इस बीच दोनों एसडीओ से बात करते हुए अध्यक्ष भिंडर व अध्यक्ष मक्कड़ ने कहा कि आज उनके भविष्य की नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार और %सरकार आपके दरवाजे% की शुरुआत है । आपके माध्यम से इस विचार को दृढ़ता से लागू करने का एक अध्याय शुरू हो गया है, जिसे अब अपने लोगों की पारदर्शी और बिना भ्रष्टाचार के सेवा करके साकार किया जाना है। अध्यक्ष भिंडर ने कहा कि जिस समय उन्होंने ट्रस्ट का काम संभाला था, उस समय के पूर्ववर्तियों ने हालात को और खराब कर दिया था.लेकिन उनकी जनसेवा की सोच ने आज सभी कर्मचारियों को उसी रास्ते पर चलकर सभी कार्यों को पारदर्शी बना दिया है। इसलिए किसी भी तरह के काम के लिए किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट के कार्यालय आने में कोई परेशानी नहीं होती है। इसलिए उन्हें उम्मीद है दोनों नए एसडीओ भी अपनी जिम्मेदारी पूरी लगन और लगन से निभाएंगे और नगर सुधार ट्रस्ट की हर योजना को लागू कर बेहतर प्रशासन मुहैया कराने में मदद करेंगे । इस मौके पर ईओ जतिंदर सिंह, सुपरवाइजिंग इंजीनियर सतभूषण सचदेवा, कार्यपालन यंत्री नवीन मल्होत्रा सहित नगर सुधार ट्रस्ट के अन्य कर्मचारी व निक्की कोहली मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. हिंतिदर कौर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - सिविल सर्जन डॉ. हितिंदर कौर के निर्देशन में राष्ट्रीय डेगू दिवस मनाया गया, जिसमें उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसकी थीम डेंगू को हराने के लिए सबकी भागीदारी है। इस मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू, चिकनगुनिया बुखार का सीजन शुरू हो गया है। रैली के दौरान उन्होंने डेंगू बुखार के कारण, लक्षण और बचाव पर प्रकाश डाला और बताया

कि डेंगू बुखार मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। इसे टाइगर मॉस्किटो भी कहते हैं। इसके शरीर पर बाघ जैसी धारियां बनी होती हैं।

यह मच्छर कूलर, कंटेनर, रेफिजरेटर के पीछे ट्रे, कचरा, घरों की छत पर टायर आदि में खड़े साफ पानी में पैदा होता है। उन्होंने आगे कहा

कि एक सप्ताह के भीतर अंडा पूर्ण विकसित मच्छर बन जाता है। यह मच्छर भी एक चम्मच पानी में पैदा होता है। यह मच्छर ज्यादातर सुबह सूर्योदय के बाद और शाम को सूर्यास्त के समय काटता है।यह मच्छर ज्यादातर शरीर के निचले हिस्सों पर काटता है, इसका उत्पादन 20 डिग्री से 34 डिग्री तापमान में ज्यादा होता है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर दाने, आंख के पिछले हिस्से में दर्द, मसूड़ों और नाक से खून आना डेंगू बुखार के लक्षण हैं।

बुखार होने पर एस्पिरिन और ब्रूफेन न लें, पैरासिटामोल का सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करें। खूब पानी या तरल पदार्थ पिएं और आराम करें।

सिविल सर्जन ने आगे बताया कि डेंगू बुखार के संदिग्ध मरीज जिला लुधियाना के सिविल अस्पताल लुधियाना, खन्ना और जगराव के स्वास्थ्य केंद्रों में जा सकते हैं और नि-शुल्क पुष्टि जांच करा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू के पॉजिटिव मरीजों का उपचार नि-शुल्क किया जाता है। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की कि घरों की छतों पर कूलर, कंटेनर, फ्रिज के पीछे ट्रे, कचरा आदि में साफ पानी खड़ा न होने दें। शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें।

सोते समय मच्छरदानी आदि का प्रयोग करना चाहिए। प्रत्येक शुक्रवार को फ्राई डे ड्राई डे के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, चिकनगुनिया बुखार से बचाव को लेकर गतिविधियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय डेंगू दिवस रैली के दौरान जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. शीतल नारंग, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. रमनप्रीत कौर, मलेरिया तकनीकी शाखा दलबीर सिंह एएमओ, परेम सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक, सरबजीत सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक, जसवीर सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक व एंटी लार्वा विंग सतिंदर सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक शामिल थे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# गुजरात: दलितों का आरोप- मंदिर के रात्रिभोज कार्यक्रम में अलग बैठाया गया, अधिकारी बोले- मामले को सुलझा रहे



जिला सामाजिक न्याय विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार और सोमवार को एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था को लेकर विवाद पैदा हो गया।गुजरात के मेहसाणा जिले के एक गांव के अनुसूचित जाति के निवासियों ने आरोप लगाया है कि पाटीदार समुदाय की ओर से आयोजित एक धार्मिक समारोह में दावत के दौरान उनके साथ जातिगत भेदभाव किया गया। हालांकि, पाटीदार समुदाय के नेताओं ने इन आरोपों को खारिज किया है। वहीं, स्थानीय अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं।जिला सामाजिक न्याय विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार और सोमवार को एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था को लेकर विवाद पैदा हो गया। इसके बाद दोनों समुदायों के सदस्यों के बीच बैठकें आयोजित की गईं। भटरिया गांव के अनुसूचित जाति के लोगों ने दावा किया कि उमिया माता और महादेव मंदिर के %प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव% के अवसर पर पाटीदार समुदाय द्वारा आयोजित रात्रिभोज में उन्हें अलग बैठाया गया, जिसके बाद उन्होंने खाना खाने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक गांव के स्कूल में उनके समुदाय के 120 सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। तनाव कम करने के लिए स्थानीय पुलिस को भी बुलाया गया। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाली गांव की मुखिया विजयाबेन परमार ने दावा किया कि ग्राम पंचायत प्रधान होने के बावजूद उन्हें दावत के दौरान अन्य ग्रामीणों से अलग बैठने के लिए भी कहा गया था। उन्होंने कहा, मैं अपने समुदाय के साथ खड़ी हूं। हम अपने साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ लड़ेंगे। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। स्थानीय कार्यकर्ता कांतिभाई नादिया ने दावा किया कि भटरिया गांव में दलितों के साथ अछूतों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और महिला सदस्यों को गांव के आंगनवाड़ी केंद्रों में खाना बनाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा, गांव में नाई ने एक दलित व्यक्ति के बाल काटने से इनकार कर दिया। न तो हम और न ही हमारे बच्चे मंदिर जाते हैं। हम घर पर पूजा और भजन करते हैं। यह अन्याय कब तक चलेगा? स्थानीय पाटीदार नेता नाटूभाई पटेल और राशिकभाई पटेल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि दलितों के लिए भोजन की अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सभी समुदाय यहां एक साथ रहते हैं। मेहसाणा के सामाजिक न्याय विभाग के उप निदेशक जेपी सोलंकी ने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारियों ने गांव के दलित समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की और शिकायत को समझने की कोशिश की। उन्होंने कहा, हमने पाटीदार समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की और उनकी दलीलों पर विचार किया। इसके बाद, हमने दोनों समुदायों की एक साथ बैठक भी की, और इस मुद्दे को सामाजिक रूप से हल करने का प्रयास किया जा रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि इस मुद्दे का समाधान हो जाएगा और भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होगी।

# बागेश्वर धाम वाले बाबा की कहानी: कभी एक वक्त का खाना मिलना था मुश्किल, फिर पलटी पं.धीरेंद्र शास्त्री की किस्मत




आज हम आपको पं. धीरेंद्र शास्त्री की कहानी बताएंगे। बताएंगे कि ये आखिर पं. धीरेंद्र शास्त्री हैं कौन? बागेश्वर धाम क्या है? क्या सच में पं. धीरेंद्र शास्त्री के पास कोई दिव्य शक्ति है? आइए समझते हैं... मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र शास्त्री एक बार फिर चर्चा में हैं। इस वक्त वह बिहार में हुनमान कथा कर रहे हैं। पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा शुरू होने से पहले ही बिहार सरकार में मंत्री और लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप ने उन्हें धमकी दे डाली थी। हालांकि, तेज प्रताप की धमकी के बावजूद 10 लाख से ज्यादा लोगों ने पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा में शिरकत की। भारी भीड़ को देखते हुए पं. शास्त्री को दिव्य दरबार कैंसिल भी करना पड़ा था। खैर, आज हम आपको पं. धीरेंद्र शास्त्री की कहानी बताएंगे। बताएंगे कि ये आखिर पं. धीरेंद्र शास्त्री हैं कौन? बागेश्वर धाम क्या है? क्या सच में पं. धीरेंद्र शास्त्री के पास कोई दिव्य शक्ति है?

## क्या है बागेश्वर धाम का इतिहास?

छतरपुर के पास एक जगह है गढ़ा। यहीं पर बागेश्वर धाम है। यहां बालाजी हनुमान जी का मंदिर है। हर मंगलवार को बालाजी हनुमान जी के दर्शन को भारी भीड़ उमड़ती है। धीरे-धीरे इस दरबार को लोग बागेश्वर धाम सरकार के नाम से पुकारने लगे। ये मंदिर सैकड़ों साल पुराना बताया जाता है। 1986 में इस मंदिर का रेनोवेशन कराया गया था। 1987 के आसपास यहां एक संत बब्बा जी सेतु लाल जी महाराज आए। इनको भगवान दास जी महाराज के नाम से भी जाना जाता था। धाम के मौजूदा प्रमुख पं. धीरेंद्र शास्त्री भगवान दास जी महाराज के ही पौत्र हैं। इसके बाद 1989 के समय बाबा जी द्वारा बागेश्वर धाम में एक विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया। 2012 में बागेश्वर धाम की सिद्ध पीठ पर श्रद्धालुओं की समस्याओं के निवारण के लिए दरबार का शुभारंभ हुआ। इसके बाद धीरे-धीरे बागेश्वर धाम के भक्त इस दरबार से जुड़ने लगे। दावा होता है कि यहां आने वाले लोगों की समस्याओं का निवारण किया जाता है।

## अब पं. धीरेंद्र शास्त्री के बारे में जान लीजिए

अभी बागेश्वर धाम की बागडोर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पास है। पं. धीरेंद्र का जन्म 1996 में छतरपुर (मध्य प्रदेश) जिले के गड़ागंज गांव में हुआ था। इनका पूरा परिवार अभी भी गड़ागंज में ही रहता है। पं. धीरेंद्र शास्त्री के दादा पं. भगवान दास गर्ग भी इस मंदिर के पुजारी रहे। कहा जाता है कि पं. धीरेंद्र का बचपन काफी कठिनाई में बीता। जब वह छोटे थे तो परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि एक वक्त का ही भोजन मिल पाता था। पं. धीरेंद्र शास्त्री के पिता का नाम रामकृपाल गर्ग और मां सरोज गर्ग है। धीरेंद्र के छोटे भाई शालिग्राम गर्ग जी महाराज हैं। वह भी बालाजी बागेश्वर धाम को समर्पित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पं. धीरेंद्र शास्त्री ने 11 साल की उम्र से ही बालाजी बागेश्वर धाम में पूजा पाठ शुरू कर दी थी। पं. धीरेंद्र शास्त्री के दादा ने चित्रकूट के निर्मोही अखाड़े से दीक्षा ली थी। इसके बाद वह गड़ागंज पहुंचे थे।

## गदा लेकर क्यों चलते हैं बागेश्वर बाबा?

बागेश्वर धाम प्रमुख पं. धीरेंद्र शास्त्री हमेशा एक छोटी गदा लेकर चलते हैं। उनका कहना है कि इससे उन्हें हनुमान जी की शक्तियां मिलती रहती हैं। वह हनुमान जी की आराधना करने के लिए लोगों को प्रेरित भी करते हैं। पं. धीरेंद्र शास्त्री कहते हैं कि वह किसी तरह का कोई चमत्कार नहीं करते हैं। वह तो सिर्फ बालाजी हनुमानजी के सामने लोगों की अर्जियां लगाते हैं। जिसे बालाजी स्वीकार कर लेते हैं। इससे आम लोगों को फायदा होता है। अंधविश्वास का विवाद सामने आने के बाद भी पं. धीरेंद्र शास्त्री ने सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि वह अपने दरबार में किसी को बुलाते नहीं हैं। लोग खुद की मर्जी से आते हैं। वह तो सिर्फ लोगों की अर्जियों को भगवान के सामने रखते हैं। बाकी सबकुछ भगवान की तरफ से ही होता है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस: बीमारी के खिलाफ आएं एक साथ, सबसे तेजी से बढ़ने वाला मच्छर जनित संक्रमण

मच्छर जनित बीमारी और उसकी रोकथाम को लेकर जागरूकता लाने के लिए हर साल देश में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस साल卐डेंगू के खिलाफ एक साथ~ एक मजबूत और सुरक्षित समुदाय का निर्माण卐 थीम के साथ यह दिवस मनाया जा रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के लिए डेंगू अभी भी एक चुनौती है और इससे निपटने के लिए जितना लोगों का जागरूक होना जरूरी है उतना ही इलाज और टीका व आसान जांच तकनीकों की खोज पर जोर देना जरूरी है।2022 में जिओ हेल्थ मेडिकल जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, भारत में डेंगू के चल रहे प्रसार के लिए मानसून की देर से वापसी को जिम्मेदार ठहराया गया है। डेंगू संचरण तीन प्रमुख कारकों- वर्षा, आर्द्रता और तापमान के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। भौगोलिक क्षेत्रों में डेंगू के संचरण के लिए यही जिम्मेदार हैं। वर्ष 1951 से 1960 और वर्ष 2012 से 2021 के बीच भारत में डेंगू संचरण की प्रवृत्ति में 1.69त्र की वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन के चलते थार रेगिस्तान के गर्म शुष्क इलाके में एडीज एजिप्टी और ठंडे ऊपरी हिमालय में एडीज एल्बोपिक्टस मच्छर के विस्तार का अनुमान है। वर्तमान में, एडीज एजिप्टी दक्षिणी प्रायद्वीप, पूर्वी समुद्र तट, उत्तर-पूर्वी राज्यों और उत्तरी मैदानों में अधिक प्रचलित है। एडीज एल्बोपिक्टस पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाओं, उत्तर-पूर्वी राज्यों और निम्न हिमालय में सक्रिय है। डेंगू के पीछे इन्हीं दो प्रजातियों को जिम्मेदार माना जाता है। कोरोना महामारी में डेंगू संक्रमण- डेंगू और कोरोना संक्रमण के लक्षण काफी हद तक सामान्य हैं। इनके मरीजों में अंतर पता नहीं चलता। इसकी वजह से निदान और उपचार की देरी भी संभव है। - डॉ. राजकुमार, इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्लीसही और सटीक आंकड़े सामने न आने से डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण और अनुसंधान एवं विकास के लिए किए गए प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाते। भारत में सही आंकड़े भी नहीं -आईसीएमआर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का कहना है कि आमतौर पर हर साल जून से सितंबर मध्य तक जब मौसम में कुछ नमी रहती है, डेंगू संक्रमण का प्रकोप देखने को मिलता है। देश के 24 राज्यों में इसका सबसे ज्यादा असर रहता है। हालांकि, भारत में सही आंकड़े भी सामने नहीं आते हैं। आईसीएमआर ने उदाहरण देते हुए कहा... 2022 में श्रीलंका में डेंगू के कुल मामले 75,953 दर्ज किए गए थे, यानी उनके यहां एक लाख की आबादी पर 361.68 मामले पाए गए। वहीं, भारत में कुल मामले 1,10,473 थे, जो एक लाख की आबादी पर 7.89 ही हैं। आयुष उपचार भी है मौजूद- डेंगू के उपचार में आयुर्वेद की भूमिका भी अहम है। दारुहरिद्रा, अपामार्ग, कुटकी, करंज बीज, त्रिभुवन कीर्ति और मृत्युंजय रस से निर्मित फीफाट्रोल दवा दी जाती है। फ्लेवीवायरस के कारण होती है। इसका प्रसार मच्छरों की कई जीनस एडीज प्रजातियों मुख्य रूप से एडीज इजिप्टी द्वारा होता है। यह मच्छर चिकनगुनिया, पीला बुखार व जीका संक्रमण का भी वाहक है। डेंगू के चार अलग-अलग, लेकिन आपस में संबंधित सीरोटाइप होते हैं, जिन्हें डेन-1, डेन-2, डेन-3 और डेन-4 नाम से जानते हैं। लक्षण~ अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्द, आंखों में दर्द, हड्डी, जोड़ और मांसपेशियों में तेज दर्द।

जांच, इलाज~ डेंगू का निदान रक्त परीक्षण से किया जाता है। इसके इलाज के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। हाल ही में इंडोनेशिया में डेंगू नियंत्रित करने के लिए वोल्बाचिया बैक्टीरिया से संक्रमित मच्छरों का इस्तेमाल किया है। इसी पर भारत में भी शोध हो रहा है। डेंगू का टीका- 2019 में यूएस एफडीए ने डेंगू के पहले टीके सीवाईडी-टीडीवी या डेंगवाक्सिया को अनुमोदित किया। यह टीका से एक जीवित, क्षीण डेंगू वायरस से निर्मित है, जिसे 9 से 16 वर्ष की आयु के उन बच्चों को लगाया जाता है, जो पहले कभी डेंगू की चपेट में आए। आईसीएमआर के मुताबिक, वैक्सीन निर्माता आईआईएल द्वारा भारत की पहली डेंगू वैक्सीन विकसित की जा रही है। इसे पहले चरण के परीक्षण की अनुमति मिल गई है। बीते छह साल की स्थिति

| साल | कुल मामले | मौत |
|---|---|---|
| 2017 | 1,88,401 | 325 |
| 2018 | 1,01,192 | 172 |
| 2019 | 1,57,315 | 166 |
| 2020 | 44,585 | 56 |
| 2021 | 1,93,245 | 346 |
| 2022 | 2,33,251 | 303 |

(आंकड़े~ राष्ट्रीय वेक्टर-जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अनुसार)

# ममता बोलीं- कांग्रेस दो सौ सीटों पर लड़े तो हम करेंगे समर्थन, देशहित में कुछ तो बलिदान करना होगा



मीडिया से बात करते हुए उन्होंने लोकसभा चुनाव में विरोधी दलों के गठबंधन को लेकर साफ कर दिया है कि जो पार्टी जिस राज्य में मजबूत है, वहां वह भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़े। ममता बनर्जी ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम भाजपा के खिलाफ वोट है। यह भाजपा की नीतियों और सरकार के खिलाफ जनादेश है।कर्नाटक में भाजपा की हार के बाद भारतीय राजनीति में काफी कुछ बदल रहा है। कल तक कांग्रेस के साथ नहीं जाने का दावा करने वाली बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सुर भी बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा की 200 सीटों पर लड़े, तो हम समर्थन को तैयार हैं।सोमवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने लोकसभा चुनाव में विरोधी दलों के गठबंधन को लेकर साफ कर दिया है कि जो पार्टी जिस राज्य में मजबूत है, वहां वह भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़े। ममता बनर्जी ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम भाजपा के खिलाफ वोट है। यह भाजपा की नीतियों और सरकार के खिलाफ जनादेश है। उन्होंने कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, दिल्ली में आप, बिहार में नीतीश, तेजस्वी और कांग्रेस उसी तरह से झारखंड में भी, जो क्षेत्रीय पार्टी मजबूत है, वहां भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु, झारखंड, तेलंगाना और पंजाब मजबूत पार्टी को प्राथमिकता मिले। एक पार्टी दूसरी पार्टी को समर्थन दें। तृणमूल कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में समर्थन दिया, लेकिन यह नहीं हो सकता है कि वह वहां समर्थन दे और यहां वह आकर उनसे ही लड़ाई करे। देशहित के लिए कुछ न कुछ बलिदान करना होगा।


## सूर्यास्त से पहले बोलने नहीं दिया जाता- ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 27 मई को दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक में भी शामिल होने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मांगों के बारे में बात रखने का एकमात्र मंच नीति आयोग की बैठक रह गया है। इसलिए इसमें मैं शामिल होउंगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमें सूर्यास्त से पहले बोलने नहीं दिया जाता। ममता ने कहा कि सुबह से बैठक में शामिल रहती हूं। जब सूरज ढलता है तो हमें बोलने का मौका दिया जाता है। वह भी तय कर दिया जाता है कि क्या कुछ बोलना है।

# Income Tax Department raids the business group of West Bengal, illegal earnings of 40 crores revealed

The CBDT formulates policy for the Income Tax Department. It said the group is engaged in various businesses involving production and sale of edible rice bran oil, mustard oil, DORB, various types of chemicals and real estate etc. The Central Board of Direct Taxes (CBDT) said on Tuesday that the Income Tax Department has detected alleged illegal earnings of over Rs 40 crore in recent raids at the premises of a group in West Bengal. The officials also seized cash and jewelery worth Rs 2.73 crore during searches of the business group, whose identity is yet to be ascertained. Tax officials alleged that the group was suppressing its produce and making unaccounted cash sales of edible oils and DORB (de-oiled rice bran). In a statement, the Central Board of Direct Taxes (CBDT) said, "Several cases of cash transactions not recorded in the regular books of accounts have been detected during the search operation." The CBDT formulates policy for the Income Tax Department. It said the group is engaged in various businesses involving production and sale of edible rice bran oil, mustard oil, DORB, various types of chemicals and real estate etc. A total of 23 premises were raided at North Dinajpur, South Dinajpur, Malda, Kolkata, Siliguri in West Bengal and Guwahati and adjoining areas in Assam, besides a close associate of the business group, the statement said. The Income Tax officials seized handwritten notes, documents and digital evidence during the searches, the statement said. These have revealed cash transactions, 'parallel cash books' and bogus claims of expenses. It said preliminary probe has revealed "unaccounted" income of over Rs 40 crore and "objectionable" documents relating to cash payments in land acquisition of about Rs 17 crore have also been recovered. The CBDT said that details relating to 'unaccounted' cash receipts of about Rs 100 crore have also been received and as a result of this action, unaccounted cash of Rs 1.73 crore and jewelery worth Rs one crore have been seized.




# Trade deficit at 20-month low, exports down 12.7 percent

According to government data released on Monday, the country's exports fell by 12.7 per cent to $34.66 billion last month. This is the third consecutive month of decline in exports. During this period, imports registered a decline for the fifth consecutive month and decreased by 14 percent to $ 49.9 billion. Despite the decline in exports, the country's trade deficit narrowed to $15.24 billion in April 2023. This is its 20-month low since April 2021. During that time the trade deficit was 15.10 billion dollars. In April 2022 it was $ 18.36 billion. According to government data released on Monday, the country's exports fell by 12.7 per cent to $34.66 billion last month. This is the third consecutive month of decline in exports. During this period, imports registered a decline for the fifth consecutive month and decreased by 14 percent to $ 49.9 billion. In April, 2022 the imports were worth $58.06 billion. Director General of Foreign Trade Santosh Kumar Sarangi said exports have declined due to weak demand for Indian products in major countries like Europe and America. On the import front, he said imports declined due to softening of prices in the global market and lack of demand for discretionary products like gems and jewellery. The demand for these products abroad has declined – there has been a decline in the export of petroleum products, chemicals, gems and jewellery, engineering products and all types of ready-made garments. Out of 30 core sectors, only 11 have registered growth in exports. Exports of electronics products increased by 26.49 per cent. Imports of crude oil and gold decreased – On the import front, 23 out of 30 major sectors have registered negative growth. Crude oil imports declined by 13.95 per cent to $15.17 billion. Gold exports also declined by 41.48 per cent to $1 billion. Exports may increase from August-September- Sarangi said that the situation is expected to change from September on the export front. There is a possibility that the opening up of the Chinese economy along with some pick up in demand in Europe and the US economy from August-September could boost global exports. To increase exports, he suggested, we should diversify into those products which have high demand abroad. Like... Electronic goods, oil cake, oilseeds, agricultural products. Exports to America declined by 17.16% to $5.9 billion, exports to America declined by 17.16% to $5.9 billion. Exports to the UAE fell 22% to $2.23 billion.



# There will be delay in arrival of monsoon this year. Entry can be done in Kerala on June 4 instead of one

The Meteorological Department (IMD) had told in its previous forecast that the monsoon could be normal in the country this year. The average rainfall this year is expected to be 96%. Skymet, a private agency that issues weather reports, has also said that there may be a delay in the onset of monsoon this year. The Meteorological Department (IMD) has released a new update on the monsoon this year. According to the Meteorological Department, the onset of monsoon in the country may be delayed this year. Generally, monsoon enters Kerala by June 1 in the country. But, this time it will knock till June 4. The delay in monsoon can




affect the common people and agriculture in the country. Release issued by the Meteorological Department- The Meteorological Department (IMD) had told in its previous estimate that this year the monsoon in the country could be normal. The average rainfall this year is expected to be 96%. Skymet, a private agency that issues weather reports, has also said that there may be a delay in the onset of monsoon this year. According to Jatin Singh, Founder-Director of Skymet, this time the monsoon may hit Kerala by June 7 instead of June 1. According to Skymet, there may be a change in the weather in North India on May 18 and thunderstorms may occur. Temperatures to rise for next seven days but no heatwave expected - Heatwave conditions were less severe in the first fortnight of May due to Western Disturbances. This disturbance had affected parts of North-West India. As the next Western Disturbance is moving towards Northwest India, heatwave conditions are not expected over these areas for next 7 days. However, during this time the temperature can reach up to 40 degree Celsius. The Indian Meteorological Department has said this. This is the reason for dusty winds in NCR- Kuldeep Srivastava of IMD Delhi has said that dusty winds are blowing in Haryana, South Haryana, Delhi NCR, West Uttar Pradesh and North-East Rajasthan. The main reason behind this is that a western disturbance has passed due to which strong winds are blowing. Also, the temperature last week was quite high, with the mercury rising to 40 degrees Celsius or more at most places. Due to this the climate is dry and the soil has become loose due to the hot climate. This is the reason that winds blowing at a speed of 40-45 kmph are picking up dust from the surface and spreading it in the atmosphere. It is mainly spreading up to a height of 1-2 km.

## Tax on cars imported from Britain may end, rules will be applicable on import of 46,200 vehicles

The Society of Indian Automobile Manufacturers (SIAM) has made such a proposal to the commerce ministry. The cut in import duty is aimed at opening up the Indian market. Cars imported from the UK may become cheaper in the coming times. Indian carmakers have agreed to waive import duty on a limited number of vehicles traded with the UK. The Society of Indian Automobile Manufacturers (SIAM) has made such a proposal to the commerce ministry. The cut in import duty is aimed at opening up the Indian market. India currently taxes car imports between 60% and 100%. This will be reduced to 10% in a phased manner over five years. Car companies have agreed to reduce the tax only for a maximum of 46,200 vehicles. Import tax in India is the highest in the world compared to any major car manufacturing country. Tax will be reduced on 26,400 vehicles in the first year- This will be applicable to 26,400 vehicles in the first year and 46,200 in 5 years. Siam said, if needed during negotiations, 10% can be reduced to zero. Experts say the decision may not do much, as the number of vehicles proposed is small. SIAM has proposed to reduce the import tax on cars to 30% over 10 years. Also, Siam is ready to cut further after the fifth year as imports from the UK increase. Windfall tax on petroleum crude abolished- New Delhi. The central government completely abolished the windfall tax on petroleum crude from Tuesday. Earlier it was Rs 4,100 per tonne. According to the notification issued on Monday, there will be no tax on petrol, diesel and aviation turbine fuel (ATF). Windfall tax was reduced from Rs 6,400 to Rs 4,100 per tonne on May 1. With this tax, the tax on the export of gasoline, diesel and ATF was increased. Solar equipment will be cheaper, application fee reduced by 80%-Solar equipment will soon be cheaper. The Ministry of New and Renewable Energy has taken steps to make it easier for companies making equipment to promote renewable energy. Improvements have been made in the manufacturers and models of approved solar photovoltaic modules, the ministry said in a statement. In this, the application fee has been reduced by 80%. MNRE has made several improvements in its ALMM system for solar photovoltaic modules. The reforms are aimed at reducing the cost of solar PV manufacturers, compliance burden and enhancing the ease of doing business throughout the ALMM process. In grid-based power stations, the modules shall have an efficiency of at least 20%. Rooftop solar projects and solar pumping shall have a minimum module efficiency of 19.50%.

# 'आपको देखकर खुशी हुई': सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान पर दिए बयान को लेकर फंसे CJP! विवाद बढ़ा तो देनी पड़ी सफाइ



इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने कानून प्रवर्तन एजेंसी के 40 वाहन जलाने के साथ 14 सरकारी इमारतों को नष्ट कर दिए। समर्थकों ने जिन्ना हाउस से प्रचलित कॉर्प्स कमांडर हाउस में भी आग लगा दी।पाकिस्तान के चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अभिवादन करने के बाद सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान को देखकर चीफ जस्टिस ने उन्हें कहा था कि आपको देखकर खुशी हुई। उनके इस बयान के बाद विपक्ष उनकी आलोचना कर रही है। अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट में उनकी पेशी के दौरान चीफ जस्टिस ने ये टिप्पणी की थी। पीएम शहबाज शरीफ की उपस्थिति में एक संघीय कैबिनेट की बैठक के दौरान पीएम ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख को लेकर चीफ जस्टिस द्वारा ऐसी टिप्पणी करना देश के न्यायापालिका के ऊपर धब्बा लगाना है। आलोचनाओं के बाद चीफ जस्टिस बंदियाल ने अपनी सफाई में कहा- इमरान खान का अभिवादन करने के बाद मेरी हर तरफ आलोचना हो रही है। हालांकि, मैं हमेशा इसी बोल का उपयोग करता हूं।卐 उन्होंने आगे कहा- 卐मैं सभी का इसी तरह से सम्मान करता हूं, क्योंकि सम्मान सभी के लिए बराबर है। सभी को सम्मान और शिष्टाचार का पाने का पूरा अधिकार है।卐 बता दें कि इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने कानून प्रवर्तन एजेन्सी के 40 वाहन जलाने के साथ 14 सरकारी इमारतों को नष्ट कर दिए। समर्थकों ने जिन्ना हाउस से प्रचलित कॉर्प्स कमांडर हाउस में भी आग लगा दी। इमरान की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को बंदियाल के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंज ने उन्हें जमानत दे दी थी। बंदियाल द्वारा इमरान खान को अभिवादन किए जाने के बाद पीएमएल(एन) के प्रमुख आयोजक मरियम नवाज सुप्रीम कोर्ट के बाहर चीफ जस्तीफ के इस्तीफा की मांग करने लगी। प्रधान मंत्री शरीफ के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने भी देश भर में 120 से अधिक मामलों का सामना कर रहे खान की गिरफ्तारी में बंदियाल के हस्तक्षेप की निंदा की है।कैबिनेट को संबोधित करते हुए शरीफ ने इसे न्याय का दोहरा मापदंड बताया। पाकिस्तान के रक्षा मंक्षी खवाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि अब समय आ गया है कि संसद इस स्थिति में अपनी संवैधानिक भूमिका निभाए।उन्होंने इस मामले पर संविधान के अनुच्छेद 209 के तहत सर्वोच्च न्यायिक परिषद को नोटिस भेजने के लिए एक संसदीय समिति के गठन की मांग की।

# पाकिस्तान में सेना ने बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया है इमरान समर्थकों का 'दमन'



सेना नेतृत्व ने सोमवार को एलान किया कि नौ मई को हुई 'गुंडागर्दी' की योजना बनाने वालों, उसे भड़काने वालों और उसे अंजाम देने वालों के खिलाफ आर्मी एक्ट और सरकारी गोपनीयता कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा...पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का यह अंदेशा सही साबित हुआ है

कि सेना उनके उन समर्थकों के खिलाफ आर्मी एक्ट लागू कर देगी, जो नौ मई को उनकी गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए थे। इमरान खान ने रविवार को एक ट्विट में कहा था कि उनके समर्थकों के बड़े पैमाने पर दमन की तैयारी की जा रही है और इसके लिए आर्मी एक्ट का सहारा लिया जाएगा। सेना नेतृत्व ने सोमवार को एलान किया कि नौ मई को हुई 'गुंडागर्दी' की योजना बनाने वालों, उसे भड़काने वालों और उसे अंजाम देने वालों के खिलाफ आर्मी एक्ट और सरकारी गोपनीयता कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सेना के बयान में 'योजना बनाने वालों' के खिलाफ कार्रवाई की बात भी कही गई है।

इसे इस बात का संकेत समझा गया है कि खुद इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बड़े नेताओं को इस मामले में फंसाया जाएगा। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद सेना के कई ठिकानों और प्रतीकों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों की तस्वीरें और वीडियो दुनिया भर में वायरल हुए। उस रोज यह खबर भी फैली थी कि कई सैन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर सख्ती करने से इनकार कर दिया। इस आरोप में दर्जन भर से भी ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को सेना से बर्खास्त किया जा चुका है। इस बीच इमरान खान ने अपने समर्थकों से सड़क पर उतरने का आह्वान किया है। सोमवार को सत्ताधारी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने सुप्रीम कोर्ट के सामने बड़ा प्रदर्शन किया। उधर, नेशनल असेंबली में हुई एक चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल और अन्य जजों की कड़ी आलोचना की। कुछ सदस्यों ने उन्हें तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। जस्टिस बंदियाल के नेतृत्व वाली बेंच ने ही बीते 10 मई को इमरान खान की रिहाई का आदेश दिया था। अब इमरान खान ने अपने समर्थकों से कहा है कि 'सुप्रीम कोर्ट और संविधान के लिए पैदा हुए खतरे' का वे शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करें। इमरान खान ने नौ मई की घटनाओं के सिलसिले में देश भर पीटीआई के कार्यकर्ताओं और समर्थकों की हो रही गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि अब तक ऐसे सात हजार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उन्होंने कहा- 'संविधान, सुप्रीम कोर्ट और पाकिस्तान के सपने को तबाह किया जा रहा है। सभी नागरिकों को इसका शांतिपूर्ण विरोध करने के लिए तैयार रहना चाहिए।'

उधर सोमवार को ही सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर ने कोर कमांडरों की एक विशेष बैठक बुलाई। पाकिस्तान के सेना मुख्यालय में हुई इस बैठक में पीटीआई समर्थकों के 'हिंसक' विरोध प्रदर्शनों से पैदा हुई हालत पर विचार किया गया। यह बैठक मंगलवार को होने वाली पाकिस्तान की नेशनल सिक्युरिटी कमेटी (एनएससी) की बैठक से ठीक पहले आयोजित की गई। एनएससी पाकिस्तान की सुरक्षा संबंधी सर्वोच्च संस्था है, जिसमें प्रधानमंत्री सहित वरिष्ठ मंत्री, अधिकारी और सेना एवं खुफिया तंत्र का नेतृत्व शामिल हैं। समझा जाता है कि एनएससी की बैठक में पीटीआई नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के बारे में अंतिम फैसला लिया जाएगा।

म्यांमार में बंदरगाह निर्माण पूरा कर भारत ने दी है चीन को कड़ी चुनौती

# म्यांमार में बंदरगाह निर्माण पूरा कर भारत ने दी है चीन को कड़ी चुनौती




सित्तवे पोर्ट भारत के मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट के तहत कोलकाता से म्यांमार के पश्चिमी तट तक समुद्री रास्ता तैयार किया गया है। उस जगह से जमीनी मार्ग से म्यांमार के अलग-अलग हिस्सों में माल पहुंचाने के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं...म्यांमार में चीन के बढ़ते जा रहे प्रभाव को अब कड़ी चुनौती मिली है। भारत के सहयोग से बना एक बंदरगाह यहां चालू हो गया है। समझा जाता है कि इस बंदरगाह से म्यांमार के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़ोतरी होगी। यह बंदरगाह म्यांमार के रखाइन प्रांत में बना है। सित्तवे पोर्ट नामक इस बंदरगाह पर पिछले मंगलवार को पहला कार्गो (मालवाही) जहाज पहुंचा। यह जहाज कोलकाता से चला था। जहाज के स्वागत के लिए उस मौके पर वहं भारत और म्यांमार के सैन्य अधिकारी मौजूद थे। सित्तवे पोर्ट भारत के मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट का हिस्सा है।इस प्रोजेक्ट के तहत कोलकाता से म्यांमार के पश्चिमी तट तक समुद्री रास्ता तैयार किया गया है। उस जगह से जमीनी मार्ग से म्यांमार के अलग-अलग हिस्सों में माल पहुंचाने के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं। इनमें एक रास्ता कलादान नदी के जरिए जाएगा, जबकि एक हाईवे भी बन रहा है। भारत के जहाजरानी मंत्री सर्वोनंद सोनेवाल ने कहा है कि इस समुद्री मार्ग के तैयार होने से भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का दक्षिण-पूर्व एशिया से सीधा संपर्क बन गया है। कलादन परियोजना के निर्माण के लिए भारत और म्यांमार के बीच 2008 में समझौता हुआ था। तब इस पर साढ़े 48 करोड़ डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया था। बंदरगाह के उद्घाटन के मौके पर भारत के अधिकारियों ने आशा जताई कि इससे देश के उत्तर-पूर्वी इलाके का हिंद महासागर से संपर्क बनेगा और उससे उस पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास का रास्ता खुलेगा। विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि चीन भी म्यांमार के रास्ते हिंद महासागर तक अपनी पहुंच बनाने में जुटा हुआ है। चीन के विदेश मंत्री चिन गांग ने इस महीने के पहले हफ्ते में म्यांमार का दौरा किया। बीते दो मई को चिन की यहां सैनिक तानाशाह मिन आंग हलायंग से बातचीत हुई। इसके बाद चिन ने कहा कि उनका देश चीन-म्यांमार इकॉनमिक कॉरिडोर के निर्माण का कार्य अब तेज कर देगा। इस परियोजना के तहत म्यांमार में लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होना है। इस इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए चीन की हिंद महासागर तक पहुंच बन जाएगी। चीन ने रखाइन प्रांत के कयोकप्यू में एक बड़े बंदरगाह और औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण की योजना बनाई है। इस लिहाज से फिलहाल भारत ने बाजी मार ली है। हालांकि कलादान ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के तहत बनने वाले हाइवे का निर्माण कार्य धीमी गति से ही आगे बढ़ पा रहा है। इसका कारण उस क्षेत्र में म्यांमार की सेना और लोकतंत्र समर्थक गुटों के बीच चल रहा गृह युद्ध है, जहां इसका निर्माण होना है। भारतीय थिंक टैंक इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स ने बीते महीने एक वर्कशॉप का आयोजन किया था। उसमें भारत के सरकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों के अलावा म्यांमार के सैनिक शासन के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था। उस दौरान म्यांमार में भारत की परियोजनाओं पर काम की गति तेज करने पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि दोनों देशों के बीच लंबी सीमा है, इसलिए उन्हें आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए, ताकि वे सीमा पार गतिविधियां चलाने वाले उग्रवादी समूहों और अन्य चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर पाएं।

# यूरोपीय संघ से मजबूत हो रहे भारत के रिश्ते, एआई-सेमीकंडक्टर तकनीक करेंगे साझा



टीटीसी के तहत भारत और यूरोपीय संघ ने तीन वर्किंग ग्रुप बनाए हैं। जिनमें पहले वर्किंग ग्रुप के तहत भारत और यूरोपीय संघ रणनीतिक तौर पर अहम तकनीक, डिजिटल प्रशासन और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों बेल्जियम के दौरे पर गए हुए हैं। वहां उन्होंने बेल्जियम के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डे क्रू से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। यूरोप के साथ भारत के संबंध हाल के सालों में मजबूत हुए हैं और इन संबंधों के लिहाज से विदेश मंत्री का यह बेल्जियम दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। दरअसल विदेश मंत्री जयशंकर मंगलवार को बेल्जियम की राजधानी ब्रूसेल्स में आयोजित होने वाली भारत-यूरोपीय संघ की ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल की पहली बैठक में शामिल होंगे। विदेश मंत्री के साथ ही आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी इस बैठक में शामिल होंगे।

## भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते हुए मजबूत

भारत और यूरोपीय संघ के संबंध बीते कुछ सालों में काफी मजबूत हुए हैं। बीते साल जब यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत का दौरा किया तो उस दौरान ही पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल (व्यापार और तकनीक परिषद) की शुरुआत की थी। इसके तहत भारत और यूरोपीय संघ ने तीन वर्किंग ग्रुप बनाए हैं। जिनमें पहले वर्किंग ग्रुप के तहत भारत और यूरोपीय संघ रणनीतिक तौर पर अहम तकनीक, डिजिटल प्रशासन और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे।

## एआई, सेमीकंडक्टर जैसी तकनीक में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और ईयू

पहले वर्किंग ग्रुप के तहत भारत और यूरोपीय संघ क्रिटिकल टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम कंप्युटिंग, सेमीकंडक्टर और साइबर सिक्योरिटी जैसी अहम तकनीकों के क्षएत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। वहीं दूसरे वर्किंग ग्रुप के तहत हरित ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा तकनीक के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। तीसरे वर्किंग ग्रुप के तहत दोनों पक्ष निवेश, व्यापार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। यूरोपीय संघ से पहले भारत अमेरिका के साथ भी ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल समझौता कर चुका है। मंगलवार को ब्रूसेल्स में होने वाली टीटीसी की पहली बैठक होगी।